# बिजनौर के गंज में एक महिला ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर मिली जानकारी के अनुसार महिला का पति गंज में दांतों का अस्पताल चलाता है। मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। मौके पर पुलिस पहुंच गई है। पति को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है



आपको बता दे थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर की चौकी विदुर कुटी गंज में प्रीति सैनी नाम की एक महिला ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है। महिला का पति आकाश सैनी गंज में ही दांतों का अस्पताल चलाता था। मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए है। प्रीति सैनी की शादी आकाश सैनी से 3 वर्ष पूर्व हुई थी। जिसके दो बच्चे हैं।ननपुर नगीना के रहने वाले है जो गंज में आकर अस्पताल चला रहा है मौके पर थाना कोतवाली शहर से पुलिस पहुंच गई है।पति को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नगद धनराशि लेते नहीं जनसूचना अधिकारी 10 रुपए के पोस्टल आर्डर उपलब्ध नहीं तो आखिर कैसे मिले आरटीआई में जानकारी

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर नजीबाबाद जनपद के डाकघरों में पोस्टल आर्डर उपलब्ध नहीं है और जन सूचना अधिकारी 10 रुपए नगद लेते नहीं तो आखिर आवेदनकर्ता को आरटीआई में जानकारी कैसे मिले। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने उक्त खुलासा करते हुए बताया कि खुद डाक विभाग ने बताया है कि अधीक्षक डाक वस्तु भंडार लखनऊ के कार्यालय में भी 10 रुपए के पोस्टल आर्डर उपलब्ध नहीं है आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि जनपद के डाकघरों में 10 रुपए के पोस्टल आर्डर उपलब्ध ना होने से आरटीआई आवेदकों आदि को शुल्क अदा करने परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जनसूचना अधिकारी दस रुपए की नगद धनराशि लेते नहीं है जबकि उक्त अधिनियम में स्पष्ट लिखा है कि कोई भी व्यक्ति नगद धनराशि जमा करके जानकारी प्राप्त कर सकता है परंतु फिर भी शासनादेश का उल्लंघन किया जा रहा है। जनपद के डाकघरों में पोस्टल आर्डर उपलब्ध ना होने के संबंध में जब संचार मंत्रालय ने डाक अधीक्षक बिजनौर से स्पष्टीकरण मांगा तो डाक अधीक्षक बिजनौर ने बताया कि प्रधान डाकघर बिजनौर में 10 रुपए के मूल्यवर्ग के इंडियन पोस्टल आर्डर की आपूर्ति हेतु प्रवर डाक अधीक्षक बिजनौर द्वारा अधीक्षक डाक वस्तु भण्डार लखनऊ को मांग पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके उत्तर में अधीक्षक, डाक वस्तु भण्डार लखनऊ कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यालय में 10 रुपए के मूल्यवर्ग के इंडियन पोस्टल आर्डर उपलब्ध नही है वही डाक घर अधीक्षक बिजनौर ने बताया कि अतः डाक वस्तु भण्डार, लखनऊ से रू10/- मूल्यवर्ग के पोस्टल आर्डर प्राप्त होने उपरान्त सभी डाकघरों में इंडियन पोस्टल आर्डर की आपूर्ति करा दी जाएगी

# किशोरों में आपराधिक प्रवृत्ति समाज के लिए चिंता का विषय

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। आज बच्चों के द्वारा अपराध को अंजाम दिया जाने लगा है वह बच्चों के द्वारा होने वाले अपराध की एक कड़वी वास्तविकता है.वर्तमान गांव शहर में बच्चे बहुत से खतरनाक अपराधों में लिप्त पाये जाने लगें हैं जैसे कि चोरी,नशा,शराब लड़ाई-झगड़े,हत्या, सामूहिक दुष्कर्म आदि. ये माता-पिता के साथ-साथ परिवार, समाज व सरकार के लिए भी एक बहुत ही चिंता का विषय है. क्योंकि बच्चों के द्वारा किये जाने वाले अपराधिक कृत्य माता-पिता, परिवार व समाज को झकझोर के रख देते है ।एक मामला नगर के एक मुस्लिम मोहल्ले में स्थित प्राचीन मंदिर के परिसर में बने समाधि की छत तोड़कर सरिया चुरा रहा है बहुसंख्यक समुदाय के दो किशोरों को मोहल्ले वासियों ने रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। यदि दोनों के सौ रंग हाथों ना पकडे जाते तो बड़ा सांप्रदायिक मामला हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कहावत है कि चोरों को कोई मजहब नहीं होता अपने ही धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने पहुंच गए दो किशोर। नगर के मौहल्ला मंझौली स्थित बरकत पैलेस के निकट प्राचीन शिव मंदिर परिसर में स्थित समाधि को क्षतिग्रस्त कर छत से लोहा की सरिया निकल कर चुरा रहे डूडा कॉलोनी निवासी विशाल पुत्र रंजीत उम्र 15 वर्ष लगभग तथा शिव पुत्र मनोज उम्र 17 वर्ष लगभग ने बुधवार को दोपहर 12:00 बजे



मंदिर परिसर में जैसे ही कोई चीज गिरने का धमाका हुआ तो मौहल्ले वासियों ने मंदिर के पुजारी यशपाल सिंह व सभासद पुत्र मौहम्मद इरफान और आदि को साथ लेकर जब मंदिर परिसर में प्रवेश कर देखा तो एक किशोर समाधि की छत के नीचे दबा हुआ था उन्होंने आनन फानन में युवक को बाहर निकाल कर उन्हें जाने के लिए बोला मौहल्ले वासियों को शक हुआ जब उन्होंने देखा कि वह दोनों छत तोड़कर सरिया चुराने लगे समाधि बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण मौहल्ले वासियों ने तुरंत पुलिस को सूचना देकर दोनों किशोर पुलिस के हवाले कर दिया। यदि मोहल्ले वासी सूझबूझ से काम ना लेते और दोनों युवक समाधि क्षतिग्रस्त कर भाग जाते तो सांप्रदायिक सद्भावना को पलीता लगा सकता था दोनों किशोरों के पकड़े जाने के बाद नगर वासियों ने राहत की सांस ली। मंदिर के पुजारी यशपाल सिंह पुत्र रामकरण सिंह निवासी मोहल्ला मझौली ने पुलिस को तेहरीर देकर समाधि क्षतिग्रस्त कर सरिया चोरी करने वाले दोनों की युवकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की इस अवसर पर घटनास्थल पर मौजूद अनिल कुमार ,राजीव कुमार, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद रियाज, मनोज कुमार, हरि सिंह आदि ने बताया कि यदि दोनों युवक पड़े न जाते तो बस्ती का माहौल खराब हो जाता

# कब्रिस्तान में दो गज जमीन न मिलने से मुर्दा जान परेशान हैं

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। नगर के मोहल्ला किला कालागढ़ मार्ग स्थित एक कब्रिस्तान में जलभराव होने से कब्र खोदना मुश्किल हो गया है। हैरानी कि बात है नगरवासियों की मांग के बावजूद प्रशासन आंख बंद कर रखीं हैं अभी तक जलभराव से निजात दिलाने की कोशिश नहीं की है। बड़े जलभराव के कारण बुधवार को मरने वाली महिला को नगरवासियों व रिश्तेदार दफिना करने गए तो कब्रिस्तान में जगह नहीं मिल सकी नगरवासियों हारकर कब्रिस्तान गेट के समीप कब्र खोद कर दफिना किया। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी बेगम सराय महिला जुबैनिशा पत्नी निसार का इंतकाल हो गया था नगर के लोग जनाजा कब्रिस्तान लेकर पहुंचे तो कब्रिस्तान दो गज जमीन के परेशान उठानी पड़ी। अगले दिन मोहल्ला कि ला रहीस पुत्र वाहिद का इंतकाल हो गया वही हुआ मुर्दा का दफिना के लिए दो गज





जमीन के लिए लौह के चने चबाने पड़े। कब्रिस्तान की दुर्दशा इतनी खराब थी के मुर्दों को दफनाने के लिए लोगों को सोचने में मजबूर कर दिया। मुस्लिम समाज लोगों कहना कि कब्रिस्तान में पास की कॉलोनी की रिहाईसी इमारतों में से कूड़ा कचरा डाला जाता है और इमारतों से गन्दा पानी भी कब्रिस्तान के अंदर भर जाता है निकासी न होने बरीश का पानी भर जाने से कब्रिस्तान जलभराव में तब्दील हो जाता है। कब्रिस्तान में जलभराव मुस्लिम समाज के लोग ने समाधान दिवस में इस संबंध में तहरीर दी गई परन्तु अधिकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा नगर के कुछ नेता भी कब्रिस्तान के मामले को गलत दिशा में लेकर जा रहे हैं जबकि कब्रिस्तान की जिम्मेदार कमेटी को कब्रिस्तान में कॉलोनी से आने वाले पानी पर रोक लगाने की मांग करनी चाहिए इस कब्रिस्तान की निकासी नचना नदी के और थी आज इस कब्रिस्तान की स्थिति तालाब में तब्दील हो गई मजबूरन दोनों मृतक जानजे को कब्रिस्तान के गेट पर ही कब्र खोद कर सुपुर्द खाक करना पड़ा लोगों ने प्रशासन से मांग उठाई कब्रिस्तान जलभराव की समस्या जल्द से जल्द दूर करे जनाजे में शामिल लोग हाजी ताहिर, वाजिद कसार, इरशाद, मुनव्वर, इमरान राइन, राशिद राइन, याकूब कसार आदि मौजूद थे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि ने इकट्ठा की मिट्टी

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जफराबाद, जौनपुर। नगर पंचायत जफराबाद में नगर पंचायत द्वारा चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी इकट्ठा की गई। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान ने कहा कि भारत माता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के लिए दिल्ली में बन रहे अमृत वाटिका में यह मिट्टी प्रयोग की जायेगी। अमृत कलश में इस मिट्टी को इकट्ठा करके जिले पर भेजा जायेगा। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाएं। इस अवसर पर डा. कयूम अंसारी, सभासद सुनीता देवी, रविकांत मोदनवाल, जोगेंद्र निषाद, अवध नारायण, ओवैस खान, राजमन, वेद प्रकाश, रिजवान आदि मौजूद रहे।

## विजयपुर में अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

मुफ्तीगंज, जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के विजयपुर गांवसभा में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान घर घर जाकर लोगों से एक चुटकी माटी मांगा गया। ग्राम प्रधान श्रीमती मीना देवी व ग्राम विकास अधिकारी बाबूलाल ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर भ्रमण करते हुए मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। अमृत कलश यात्रा में विजयपुर गांवसभा के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भाजपा के



मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, बूथ अध्यक्ष शेखर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सफाईकर्मी अजीत, मनोज आदि मौजूद रहे।

# मशहूर नवमी मेला हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ





अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। समीपवर्ती ग्राम मानियावाला में धकेला के नाम से मशहूर दो दिवसीय नवमी मेला बुधवार को भारी जोश खरोश वह भीड़ भाड़ के साथ बुधवार को प्रारंभ हुआ।थाना क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम मानियावाला में देश की आजादी से पूर्व लगाता चला आ रहा धकेला के नाम से मशहूर नवमी मेला हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ भादो माह में क्षेत्र में लगने वाले नवमी मेलो की शुरूआत थाना रेहड़ क्षेत्र के केहरीपुर मार्ग स्थित म्हाड़ी स्थित जाहरवीर मेले से प्रारंभ होता है कस्बा रेहड़ के बाद मानियावाला में दो दिवसीय मेले में दूसरे दिन मेले को गुदड़ी का नाम दिया जाता है जिसमें अधिकतर महिलाएं और युवतियां घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीददारी करती हैं राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर प्राइमरी स्कूल से फोर लाइन तक तथा बस स्टैंड से मेन बाजार तक लगने वाले मेले में भीड़ का या आलम रहता है की शरारती युवक धक्का लगा कर चलते हैं उक्त मेला किसी धार्मिक परंपरा से ना जुड़ा होने के बावजूद भीड़ का यह आलम रहता है क्या नौजवान युवक धक्का लगाकर चलते हैं दो दशक पूर्व इस मेले की प्रसिद्ध का यह आलम था कि जनपद के कोने-कोने से लोग मानियावाला के धकेला मेला को देखने के लिए आया करते थे। उस जमाने में मैले की विशेषताओं में खास तौर से सिनेमा हाल,डांन्स पार्टी ,कबड्डी और कुश्ती का आयोजन हुआ करते थे मेले में बिकने वाले मिट्टी के बर्तन भी मैले की प्रसिद्धि में विशेष योगदान रखते थे तथा खेल खिलौनों के दूर-दराज से बड़ी मशहूर दुकाने आया करती थी आहिस्ता आहिस्ता दौर एवं परंपराएं बदलती चली गई आज भी मैले में खेल खिलौने, मिट्टी के बर्तन, जलेबी, हलवा पराठा, शरबत की दुकानें प्लास्टिक के विभिन्न प्रकार के बर्तनों की दुकानें तथा खाद्य पदार्थों की दुकाने मेले की शोभा बढ़ाती हैं हालांकि क्षेत्र में आहिस्ता आहिस्ता भाईचारे में गिरावट आई चली गई परंतु मानियावाला में लगने वाला धकेला नाम से यह मशहूर नवमी मेला आज भी भाईचारा एकता अखंडता का प्रतीक माना जाना जाता है

# संभल में राष्ट्रपति द्वारा आयुष्मण भाव शुभ आरंभ का लाइव प्रसारण

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।संभल में राष्ट्रपति द्वारा आयुष्मण भाव शुभ आरंभ का लाइव प्रसारण के दौरान संभल जिले के जिला अस्पताल में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी के साथ जिला अधिकारी सहित सीएमओ संभल , सीएमएस संभल समस्त स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला अस्पताल में आयुष्मान भव शुभारंभ का राष्ट्रपति के द्वारा एलसीडी पर लाइव प्रसारण के साथ संभल में भी आयुष्मान का भल शुभारंभ का कार्यक्रम के साथ-साथ 111 कर्मियों को लैपटॉप वितरित किए गए इसी के साथ मंत्री के द्वारा वहां पर कुछ आयुष्मान कार्ड लोगों को वितरित भी किए गए जिला अस्पताल में मिलने वाली सभी नई फैसिलिटी का भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशंसा की गई इसी के साथ-



साथ संभल जिले की जनता को आयुष्मान कार्ड को लेकर होने वाली परेशानियों को लेकर मंत्री से पत्रकारों के द्वारा अवगत कराया की 2011 में आयुष्मान कार्ड गणना के दौरान आयुष्मान कार्ड बनने के पहली समस्या 2011 की गणना में सभी के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाए हैं ना ही लिस्ट में उनका नाम है कहीं परिवार में अगर एक सदस्य का नाम होने के बावजूद भी लिस्ट में किसी और परिवार के सदस्य का नाम ही नहीं न ही आ रहा है इसी के साथ-साथ मंत्री से यह भी शिकायत की गई जो पात्र हैं उनको आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं जो आपात रहे जिन्हें आयुष्मान कार्ड की जरूरत ही नहीं है उन्होंने अपने कार्ड बनवा रखे हैं इस पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने कहा अगर इस तरीके का कोई मामला अगर आता है किसी ने गलत तरीके से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लिया है तो उसको कैंसिल कराया जाएगा उधर दूसरी तरफ जिला अधिकारी मनीष बंसल ने बताया जिनके आयुष्मान आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं या किसी को कोई समस्या आ रही है तो वह ऑनलाइन अपनी प्रक्रिया का आवेदन कर सकते हैं ।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

सिरकोनी, जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के ताला मझ-ावारा गांव में मंगलवार की भोर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतका के मायके के लोगों ने विवाहिता की मौत को हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी। जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र के ही कोडरी गांव निवासी शिवकुमार सरोज की 22 वर्षीय पुत्री दीपा सरोज ने लगभग छह माह पूर्व घर से भागकर ताला मझवारा गांव की हरिजन बस्ती निवासी राजीव कुमार पुत्र राम बहादुर से कोर्ट मैरिज कर लिया था। मंगलवार की भोर में दीपा की मौत हो गयी। दीपा के ससुराल वालों ने शिवकुमार के घर सूचना दिया कि दीपा की मौत हो गयी। मृतका के दादा संकठा प्रसाद ने कहा कि मेरी पोती की हत्या की गयी है। उन लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर दीपा के ससुराल



के लोगों ने बताया कि रात को दीपा के पेट में दर्द होने के बाद उसे एक चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां दीपा की मौत हो गयी। जबकि संकठा ने पुलिस को दिये तहरीर में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से उसके सास, ससुर, पति व एक चचेरी बहन दहेज के एक लाख रुपये व एक गाड़ी के लिये प्रताड़ित करने लगे। यह लोग ही दीपा की हत्या कर दिये हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एस-ाआई सदन प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चलेगा।

# चौकियां धाम में फिर से वापस आया आतंकी सांड, क्षेत्रवासियों में भय का माहौल

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। शीतला चौकियां धाम में बुधवार की सुबह एक अलग ही नजारा देखने को मिला। बता दें कि एक दिन पूर्व नगर पालिका पशु वाहन में क्षेत्र के लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बाहुबली सांड को पशु संरक्षण केन्द्र सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। जानकारी के अनुसार बीती रात सांड पुनः वापस शीतला चौकियां धाम में पहुंच गया। जानकारी के अनुसार रास्ते में कहीं गाड़ी खड़ी कर गाय लादने के चक्कर में पशु वाहन से वह भाग निकला। जिसकी सूचना रात को स्थानीय लोगों को हुई। जिस स्थान से गाड़ी पर लादकर पशु वाहन से ले जाया गया था वही स्थान पर बुधवार की सुबह पुनः डेरा डाले वह सांड टहलता दिखायी दिया। स-ांड अपनी साहस दिखाते हुए नजर आ रहा है। लोग अब उसे बाहुबली सांड रिटर्न आने की बात कह रहे हैं। उसके आने से लोग अब भयभीत व डरे सहमे नजर आ रहे हैं। जिस गली से वह गुजर रहा है स्थानीय लोग अपना रास्ता बदल ले रहे हैं। सांड के आने से एक बार पुनः धाम क्षेत्र में डर व भय का माहौल बन गया है। आने वाले दिनों में किसी बड़ी अनहोनी घटना न हो इसके लिये क्षेत्रीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि ऐसे सांड को दूर



सुरक्षित स्थान पर भेजा जाय जिससे आने वाले दिनों में लोग सुरक्षित रहे। नगर पालिका पशु संरक्षण से अनिल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह 11 बजे चौकियां धाम से सांड को पक-ड़कर पशु वाहन से गौशाला ले जाते समय राजा साहब पोखरे के पास रास्ते में एक गाय को चढ़ाते समय यह सांड वाहन खुलने पर कूदकर भाग निकला और पुनः चौकियां धाम पहुंच गया। जिसको पकड़ने के लिए पुनः वाहन चौकियां धाम भेजी जायेगी। बता दें कि यह सांड क्षेत्र के कई लोगों समेत आने वाले दर्शनार्थियों को भी घायल कर चुका है। इसके वापस आने से डर व भय का माहौल बन गया है।

# मरकजी सीरत कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा मांग पत्र

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। मरकजी सीरत कमेटी के सदर शौकत अली मुन्ना राजा की अगुआई और साबिक सदर अरशद कुरैशी की सरपरस्ती में कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सदर मुन्ना राजा ने बताया कि आगामी त्यौहार रबी उल अव्वल में प्रशासन की मुस्तैदी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ताकि कार्यक्रम व जुलूस जलसे में कोई विघ्न न उत्पन्न हो। इस मौके पर शाहिद मंसूरी, एकराम सौदागर,




फिरोज अहमद पप्पू, सरताज अहमद सिद्दीकी, मोहम्मद शकील माज राइन, शोएब अहमद समीर, उस्मान राइन, डॉ. अर्शी नवाज, नेयाज ताहिर शेखू, रियाजुल हक, दानिश इकबाल, शीराज अहमद, रेयाजुद्दीन अल्वी, मेराज खान, बख्तियार आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के बीच चाकूबाजी खेल-खेल में चाकू से किया हमला, किशोरी घायल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ स्कूल से पढ़कर आईं किशोरी खेल-खेल में एक किशोर ने चाकू मारकर जख्मी हो कर दिया।घटना के बाद आनन-फानन में किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी अस्पताल में भर्ती पुलिस ने हमलवार किशोर को हिरासत में ले लिया।जानकारी के अनुसार ग्राम सीरवासुचन्द निवासी मौहम्मद अकरम की पुत्री आफिया उम्र 12 वर्ष स्कूल से पढ़कर आने के बाद बच्चों के साथ खेलने लगी वहीं



खेल रहे बच्चों में से अल्फेज पुत्र जमशेद उम्र 11 वर्ष ने बच्ची आफिया के पीठ में चाकू मार दिया चाकू लगने से आफिया की पीठ से खून निकलता देख साथ में खेल रहे बच्चों में कोहराम मच गया बच्चों का सौर सुनकर आफिया के परिजन आ गये उन्होंने जब आफिया की कमर से खून निकलता देखा तो वह घबरा गये आफिया को उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद डॉक्टरो ने आफिया को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर किशोर को हिरासत में ले लिया है।

# हापुड की घटना पर चल रहे संघर्ष मे कांग्रेस अपना समर्थन पत्र शौपा

**दैनिक समाज जागरण**

संभल ।उ0प्र0 कांग्रेस के आह्वान पर आज शहर कांगेस द्वारा अधिवक्ता गणों की हापुड की घटना पर चल



रहे संघर्ष मे अपना समर्थन पत्र शौपा गया शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व मे आज काग्रेस लीगल सेल के जिला अध्यक्ष जीतपाल सिंह एडवोकेट के साथ जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सम्भल मौङ्क इस्लाम साहब को अपना समर्थन पत्र सौंपा

जैसा की सर्व विदित है विगत दिनों जनपद हापुड़ में अपनी मांगो को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवकतागणों पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण ठगं से लाठी चार्ज किया गया जो निन्दनीय है एवं अभी तक सभी पीड़ित अभिभावक्ताओं को जो कि लोगों की न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते रहते हैं उन्है आज स्वयं अपने न्याय के लिए संघर्ष करना पड रहा है उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश अनुसार कांग्रेस कमेटी अपना समर्थन पत्र शौंप कर आपकी इस लड़ाई में अपना समर्थन प्रदान करती है एवं नियाय की मांग करती है इस अवसर पर मौजूद वाहिद एडवोकेट ,अब्दुल रहमान एडवोकेट, सत्येंद्र सिंह एडवोकेट ,अमित कुमार एड-वोकेट, उपेंद्र शर्मा एड0, आरिफ खान तनवीर ,अकील अहमद ,सुबहानी आदि उपस्थित रहे

# गरीबों को निशुल्क भोजन आपकी रसोई का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजन, मरीजों व तीमारदारों को कराया भोजन

बिसौली आई एम खान। गरीबों को निशुल्क भोजन वितरण के मकसद से बुधवार को आपकी रसोई का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किया गया। आज का आयोजन नगर के प्रमुख समाजसेवी संजय अग्रवाल के सुपुत्र निशांत अग्रवाल ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में कराया। इस दौरान दर्जनों लोगों, मरीजों व उनके



तीमारदारों को भोजन वितरित किया गया। आपकी रसोई के प्रमुख संस्थापक सदस्य शुभम गर्ग ने बताया कि आगामी शुक्रवार को भी आपकी रसोई का आयोजन पूर्व की भांति होगा। इस मौके पर अनमोल गर्ग, मनोज टाटा, प्रियांक अग्रवाल, रचित अग्रवाल, सोहिल, वैभव, शशांक गोयल एड., वि-वेक यादव एड., शुभांशु, विशु अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत बकायदार जल्द से जल्द बिल जमा कर दें अन्यथा उनके संयोजन विच्छेद कर दिए जाएंगे, दो मीटर रीडर्स की सेवा समाप्त

बिसौली आई एम खान। अधिशासी अभियंता रामलाल के नेतृत्व में बकाए-दारों से राजस्व वसूली अभियान जोर शोर से चला। इस दौरान एक सौ पैंसठ बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए और साढ़े आठ लाख की राजस्व वसूली भी की गई। वहीं एक्सईएन ने काम में लापरवाही बरतने वाले



दो मीटर रीडर्स की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। उन्होंने बताया कि बकाएदार उपभोक्ता जल्द से जल्द बिल जमा कर दें अन्यथा उनके संयोजन विच्छेद कर दिए जाएंगे। अधिशासी अभियंता ने काम में मनमानी करने वाले कर्मचारियों को भी सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान पूरे माह चलाया जाएगा। टीम में एसडीओ रामगोपाल राठौर, मनीष कुमार यादव, जेई मियां कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# हापुड़ कांड के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बिसौली आई एम खान। हापुड़ कांड के विरोध में विभिन्न मांगों को लेकर तहसील बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एनटी गिरजाशंकर यादव को सौंपा। ज्ञापन में वकीलों ने सीएम योगी से रिपोर्ट दर्ज होने वाले पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार, निलंबित करने, वकीलों पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लेने व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। इससे पूर्व आयोजित बैठक को



संबोधित करते हुए अध्यक्ष अनूप शर्मा एड. ने कहा कि हापुड़ कांड को लेकर सरकार की चुप्पी काफी अखरने वाली है। सरकार को तत्काल एड-वोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और हापुड़ में वकीलों पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लेने चाहिए। आक्रोशित वकील जुलूस की शक्ल में तहसील परिसर पहुंचे जहां एसडीएम के न होने पर नायब तहसीलदार गिरजाशंकर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष प्रेमपाल यादव, सुधाकर सक्सेना, अफजाल खान, ह्रदेश शर्मा, राजीव सक्सेना, सचिन सक्सेना, हरिओम शर्मा, सुमित शर्मा आदि अधिवक्ता प्रमुखता से मौजूद रहे।

# थाना पर कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित व्यक्ति पहुंचा पुलिस अधीक्षक की चौखट पर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर जनपद के थाना हुसेनगंज क्षेत्र के अंतर्गत लालीपुर गांव के निवासी बदलू पुत्र सुंदर ने पुलिस अधीक्षक को एक तहरीर देते हुए बताया कि बीते 07 सितंबर को रात्रि करीब 11:30 बजे के आस पास उसकी बहू रोशनी देवी पत्नी रविंद्र कुमार उसके घर पर थी व पीड़ित भी घर पर था तथा पीड़ित का पुत्र रवेंद्र कुमार परदेश में रहता है। पीड़ित ने बताया कि तभी उसकी बहू रोज रोशनी देवी के मायके ग्राम ईसापुर मजरा डीघ थाना कोतवाली बिंदकी के निवासी अमन पटेल पुत्र जैनेंद्र पटेल पीड़ित की बहू रोशनी देवी को मोबाइल संपर्क के जरिए बहला फुसलाकर कहीं लिवा ले गए हैं जहां पीड़ित ने बताया कि उसकी बहू रोशनी देवी उम्र करीब 20 वर्ष उसके घर से जाते समय घर पर रखे जेवरात व नगदी 35000 रुपए भी उठा ले गए।पीड़ित ने बताया कि काफी खोजबीन करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली तो पीड़ित ने बहू रोशनी देवी के मायके में सूचना दिया जहां पीड़ित के बहू के भाई शिवचंद्र आया और बहू का भाई तथा पीड़ित ने काफी तलाश की परंतु कोई पता नहीं चला एवं पीड़ित ने बताया कि रोशनी देवी के पास फोन भी पकड़ा गया जहां उसके फोन के डाटा के द्वारा अमन पटेल का भी डिटेल निकला जहां पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए आरोपियों की तत्काल खोजबीन कराए जाने एवं कठोरतम कार्यवाही किए जाने की मांग की है।।

# जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों के अध्यक्षों व ई ओ के साथ बैठक कर निकायों में बेहतर साफ सफाई के लिए जरूरी सामग्री व मशीनरी खरीदने एवं सड़क-नालियों व तेजी से विकास कार्य कराने के दिए निर्देश।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्वल कुमार ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों के अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों व अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निकायों को नगर निगम की तर्ज पर तेजी से साफ-सफाई व स्मार्ट कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होने एक एक कर सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों के अधिशासी अभियंताओं से राज्य वित्त आयोग व 14 वां वित्त आयोग की धनराशि से निकायों की बेहतर साफ सफाई कराने के लिए जरूरी सामग्री फोगिंग, एण्टीलार्वा, चूना, कीटनाशक, वाटर जैट आदि व जरूरी मशीनरी खरीदने की सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्देश दिए कि अब नगर निकाय भी नगर निगमों की भांति स्मार्ट दिखनी चाहिए। उन्होने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए कि अपने अपने निकायों में बेहतरीन साफ सफाई के साथ, नाली, सड़क निर्माण, इण्टरलॉकिंग आदि विकास के कार्य बिना किसी भेदभाव के तेजी से कराए। उन्होने स्पष्ट कहा कि कार्य की गुणवत्ता उच्च कोटि की होनी चाहिए। किसी भी वार्ड में कार्य कराने में पक्षपात नही होना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि कार्य किसी भी स्थिति में किसी के व्यक्तिगत परिसर के अन्दर नही कराया जाए। उन्होने इस आशय की जांच व निरीक्षण कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समय-समय पर अपने क्षेत्रांर्तगत अपने निकायों का पर्यवेक्षण करते रहें। उन्होने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्दी जल्दी टेण्डर प्रक्रिया पूरी कराकर विकास के कार्यों में तेजी लाए। निकायों में प्रकाश व्यवस्था व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निकायों में छुटटा गौवंश घुमते नही पाया चाहिए इसके लिए नजदीकी गौ सरंक्षण केन्द्रों में गौवंश को पहुंचाया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह कार्य की प्रगति से अवगत कराए। इस अवसर समस्त एसडीएम, सभी नगर निकायों के अध्यक्ष व जनप्रतिनिधि एवं अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित

# "मेरी माटी मेरा देश" अभियान की हुई शुरूआत

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर पंचायत मक्खनपुर के सभी वार्डों में अमृत महोत्सव के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" अभियान वीरों को नमन माटी को वंदन, के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में मंगलवार को वार्ड नंबर 4, 8,13,व 15 वार्डों में कलश लेकर हर घर से एक मुट्ठी चावल शहीदों के नाम एकत्रित की जिसकी शुरूआत नगर पंचायत अध्यक्ष गीता देवी दिवाकर ने कलश में एक मुट्ठी चावल से अपनी सहभागिता प्रस्तुत की। और साथ ही सभी वार्ड के निवासी इस महाअभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इस पल के साक्षी बने।



मक्खनपुर मंडल प्रमुख एवं कार्यक्रम संयोजक सत्यपाल सिंह चौहान ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 8 सितंबर से 13 सितंबर तक चलेगा और यह कलश दिल्ली कर्तव्य पथ पर जाएंगे।

कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप चंद्र लोधी, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, जिला योजना समिति सदस्य सभासद सुहेल कांत शर्मा, सभासद राजीव लोधी, सभासद प्रतिनिधि टीटू कुशवाह किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत राजपूत, जॉनी राजपूत, आदि उपस्थित रहे।

# पूराकलंदर थाना भवन पर बिजली गिरने से आरक्षी भवन के इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख

अयोध्या। बिजली गिरने से पूराकलंदर थाने के आरक्षी कक्ष में रह रहे 12 से अधिक पुलिसकर्मियों के फ्रिज, कूलर, एसी, पंखा जलकर खराब हो




गए। विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई । तेज बारिश व गरज के साथ ठप आपूर्ति व्यवस्था मंगलवार दोपहर तक बहाल हो सकी।

थाने के पुलिस कर्मियों ने बताया कि रात में तेज बारिश के बीच बिजली गिरने से थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा के आवास में लगा मोटर पंखा, लिपिक सर्वेश मिश्रा के घर का टीवी, पंखा, कूलर, लिपिक राम लौट वर्मा का पंखा, फ्रिज, इन्वर्टर व स्टेबलाइजर जलकर ध्वस्त हो गया। महिला हेल्प डेस्क की लाइट सप्लाई जलकर नष्ट हो गई। सिपाहियों की बैरक में लगे पंखे, लाइट फुंक गए।

# शैक्षिक संगोष्ठी व कार्यशाला का किया आयोजन

## शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन करें उनके अधिकारों की रक्षा यूटा करेगा-राजेन्द्र सिंह राठौर

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद ।बुधवार को टूंडला स्थित बेनीवाल गार्डन में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजेंद्र सिंह राठौर प्रदेश अध्यक्ष यूटा उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमपाल सिंह धनगर एवं विशिष्ट अतिथि दीपक चौधरी जिला महामंत्री भाजपा फिरोजाबाद, जिला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद आशीष कुमार पाण्डेय, भगवान दास शंखवार संस्थापक पंडित दीनदयाल अंत्योदय संस्थान , यादवेन्द्र शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री यूटा आदि ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक टूंडला ने कहा कि शिक्षक का व्यवहार, आचरण, पहनावा इत्यादि सबकुछ समाज के लिए दर्पण का कार्य करता है। देश,क्षेत्र व समाज के आर्थिक,सामाजिक,बौद्धिक सहित चहुंमुखी विकास की मास्टर चाबी शिक्षक ही होते हैं। उक्त वक्तव्य के साथ बतौर मुख्य अतिथि टूण्डला के विधायक प्रेमपाल धनगर ने शिक्षक संगठन यूटा के पदाधिकारियों से शिक्षा के सुधार में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यूटा के पदाधिकारियों की कार्य पद्धति,नीति व सिद्धांतों की सराहना करते हुए बुनियादी शिक्षा में अभूतपूर्व सुधार करने के विषय को लेकर संगठन की चिंता को प्रदेश के करोड़ो शिक्षार्थियों के हित के लिए सर्वोत्तम बताया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि संगठन शिक्षकों तथा छात्रों के हित के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों के प्रति सजग रहें उनके अधिकारों की रक्षा यूटा करेगा। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री यादवेन्द्र शर्मा ने संगठन के नवनिर्वाचित जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण भी कराई।

बुनियादी शिक्षा के उन्नयन के विषय पर बोलते हुए शिक्षाविद भगवानदास शंखवार ने कहा कि हमें बच्चों में संस्कार पूर्ण शिक्षा का विकास करना चाहिए तथा यूटा की रीति नीति की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गणों द्वारा कुमारी लुबना वसीम राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका को सम्मानित भी किया गया तथा साथ ही सीमा रानी ब्राण्ड अम्बेसडर स्वच्छता प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर विकासखंड टूंडला एवं अनूप शर्मा सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय नगला भाऊ नगर क्षेत्र फिरोजाबाद को शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी टूंडला राजकुमार तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी खैरगढ़ विनय प्रताप द्वारा विद्यालयों में शैक्षिक स्तरों में संबंधी विचार प्रस्तुत किए गए। जया शर्मा जिलाध्यक्ष यूटा फिरोजाबाद द्वारा शिक्षक गौरव सम्मान प्राप्त की किए गए शिक्षकों के प्रयासों को सराहा एवं उनके द्वारा विद्यालयों में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मुकेश राजपूत जिला महामंत्री यूटा द्वारा किया गया । नरेश कुमार व सुभाष चंद्र एस0आर0जी0 ने नेट परीक्षा के संबंध में बताया। इस अवसर पर अवनींद्र कुमार लोकेश दिवाकर इंदु वत्सल दुबे आशीष पोरवाल अप्रियांश मिश्रा संदीप अमौरिया सीमा राघव सुभाषिनी दीक्षित शिल्पा कर्दम शालिनी गुप्ता पंकज यादव हेमेंद्र सिंह नीरज सिंह अजय पाल सिंह दुष्यंत भारद्वाज मनोज शर्मा राम अवतार माधव सिंह गजाधर सिंह पुरुषोत्तम सिंह आदि कार्यकारिणी सदस्य एवं जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अंत में श्रीमती जया शर्मा द्वारा उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। रेवेन्यू बार एसोसिएशन की एक आवस्यक बैठक एसोसियेशन अध्यक्ष श्यामबाबू यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में बार हाल में बुलाई गई। जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बृहस्पतिवार तक सभी अधिवक्ता न्यायायिक कार्य से विरत रहेंगे। जिस पर सभी ने सहमित जताई। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। अधिवक्ता आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता श्यामबाबू यादव एडवोकेट ने और संचालन महासचिव दिनेश कुमार यादव एडवोकेट ने किया। जिसमें अध्यक्ष ने कहा कि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सभी अधिवक्ताओं ने सर्व सहमति से निर्णय लिया है कि बुधवार और बृहस्पतिवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इतना ही नहीं बुधवार को उप निबंधन कार्यालय में भी कार्य नहीं किया। इसके बाद सभी अधिवक्ता एकत्रित होकर उप जिलाधिकारी कार्यालय के समीप पहुंचे और प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी विवेक मिश्रा को दिया। जिसके माध्यम से हापुड़ की घटना पर न्याय दिलाये जाने की मांग की। इस अवसर पर अश्वनी यादव, अशोक यादव एडवोकेट, वेदप्रकाश एडवोकेट, अवनीश यादव एडवोकेट, सुनील यादव, शिव कुमार शर्मा, बलवीर सिंह, विनोद कुमार, रामकिशोर राजपूत, दिनेश सिहं, गौरव यादव, देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# एम डी जैन में विद्यार्थियों ने पंख पोर्टल पर सीखी कैरियर से सम्बंधित जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज जैन, विद्यालय के पंख पोर्टल के नोडल अधिकारी एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित पंख पोर्टल योजना के विषय में जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि सर्वप्रथम गूगल पर जाकर यू पी पंख पोर्टल पर जाकर क्लिक करना है। उसके बाद विद्यार्थी अपने कक्षा के रजिस्ट्रेशन को भरकर एक निश्चित पासवर्ड से लॉगिन कर सकते हैं। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों को अपने मोबाइल से लॉगिन करके अपने सुनहरे भविष्य के लिए कैरियर कोर्स को चुनना है। उन्होंने बताया कि लॉगिन करने के उपरांत कैरियर से सम्बंधित विभिन्न जानकारी जैसेः- कोर्स, कॉलेज, छात्रवृत्ति आदि प्रदर्शित होती हैं। विद्यार्थी जिस क्षेत्र जैसेः- रोबोटिक्स , बैंकिंग, बायोलॉजिकल क्षेत्र, सी ए, सी एस, म्यूजिक, फोटोग्राफी आदि जिसमें उसे रूचि हो, उसके कैरियर से संबंधित समस्त जानकारी विद्यार्थी अपने मोबाइल से लॉगिन करके सरलता से प्राप्त कर सकता है। नितिन जैन ने बताया कि यह पोर्टल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर से सम्बंधित विभिन्न जानकारी साझा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# हैरिंग्टनगंज चालीस हजार की आबादी 36 घंटे से अंधेरे में डूबी

## सोमवार रात को गई सप्लाई बुधवार दोपहर तक नहीं हुई बहाल



मिल्कीपुर, अयोध्या। हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन के हरीनाथपुर फीडर पर 40 गांवों की सप्लाई पिछले 36 घंटे से बाधित है। बताया गया कि सोमवार की रात मौसम खराब होने की वजह से हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन की सप्लाई बाधित हुई थी और तब से अभी तक हरीनाथपुर फीडर चालीस गांवों में सप्लाई बहाल नहीं हो पाई है। जेई ने बताया कि मुझे बताया गया कि सभी फीडर सुचारू रूप से चल रहे हैं। अब मुझे पता चला कि हरीनाथपुर फीडर के अधिकांश हिस्से की सप्लाई पिछले दो दिनों से बाधित है। उन्होंने कहा कि हम जल्दी ही सप्लाई बहाल करवाते हैं।

बताया गया कि हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन पर उपभोक्ताओं को हमेशा बिजली सप्लाई ना के बराबर मिलती है। 18 घंटे बिजली सप्लाई की जगह मात्र आठ घंटे की सप्लाई भी मुनासिब नहीं हो रही है। बताया गया कि हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन के हरीनाथपुर फीडर पर सोमवार की रात करीब 12:00 बजे बिजली सप्लाई बाधित हुई और बुधवार के दोपहर तक सप्लाई बहाल नहीं हो पाई है। बिजली सप्लाई न मिलने से तकरीबन चालीस हजार की आबादी अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है।

अवर अभियंता अरुण वर्मा ने बताया कि मुझे बताया गया कि हरीनाथपुर फीडर सुचारू रूप से चल रहा है। जब उपभोक्ताओं का फोन आया तो पता चला कि चालीस गांवों की सप्लाई पिछले दो दिनों से बंद है। वहीं लोगों ने बताया कि हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन पर सारा कार्य जुगाड़ से चलाया जाता है। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन की ओर मुंह नहीं करता है। यही नहीं सब स्टेशन मुख्यालय पर कोई भी अधिकारी निवास भी नहीं करता है। इसकी वजह से सब कुछ संविदा कर्मियों के भरोसे हो गया है। एक कर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिकारी पैसा नहीं खर्च करना चाहते हैं। एक भी नट बोल्ट नहीं मिलता है। इस मशीन से खोलकर उस मशीन में और उस मशीन से खोलकर इस मशीन में नट बोल्ट लगाए जाते हैं। सारा कार्य जुगाड़ से चल रहा है। यही वजह है कि हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन के उपभोक्ताओं को पूरी बिजली नहीं मिल पा रही है। वहीं यह भी बताया गया कि इस सब स्टेशन पर नये जेई की तैनाती हुई है। फील्ड वर्कर उन्हें परेशान करने की नीयत से लाइन सही नहीं चला रहे हैं और उन्हें सही सूचना भी नहीं दे रहे हैं। हालांकि जेई अरुण वर्मा ने बताया कि भवनी का पुरवा व घुरेहटा में फाल्ट ठीक किया जा रहा है। जल्दी ही लाइन बहाल कर दी जाएगी।

# गृह कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या



कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। इंदिरा नगर निवासी गोविंद 26 वर्ष पुत्र पुरुषोत्तम घर पर चूड़ी की जुडाई का काम करता था। उसकी पत्नी रक्षाबंधन पर मायके गई थी। गोविंद ने मंगलवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने चीख पुकार की तो मोहल्ले के लोग भी वहां पहुंच गए। पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की बुआ के लड़के प्रवीण ने बताया पत्नी से फोन पर बात हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# शादी के बाद ज्वेलरी-कैश लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन, पहले भी कर चुकी है 2 शादियां, जानें पूरा मामला

अलीगढ़. यूपी के अलीगढ़ में एक लुटेरी दुल्हन का सनसनी केस मामला सामने आया है. 2 महीने पूर्व की गई शादी के बाद अब पता चला कि उक्त दुल्हन पहले से दो शादियां कर चुकी है साथ ही उसकी एक बेटी भी है. यह सब जानकारी सुनने के बाद दूल्हे पक्ष के पांव तले जमीन खिसक गई. इसके बाद लुटेरी दुल्हन व उसके परिजनों सहित शादी करने वाले लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी के तहत मुकदमा टप्पल थाने में पंजीकृत कराया गया है.

# 1 करोड़ 50 लाख की सौगात का नगर विधायक मनीष असीजा एवं महापौर कामिनी राठौर ने किया शिलान्यास सुधरेंगे सड़को के हालत

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री के प्रेरणा स्त्रोतों से N-CAP योजना के अंतर्गत बने वाली सड़कों का आज नगर निगम महापौर श्रीमती कामिनी राठौरएवं नगर विधायक श्री मनीष असीजा ने क्षेत्रीय पार्षद की मौजूदगी एवं पार्टी के कार्यकताओं के साथ आज भूमि पूजन कर शिलानयास किया जिसमें वार्ड नंबर 17 और 10 मैं लोक माता अहिल्याबाई होलकर जी की प्रतिमा से दखल होते हुए बम्बा बाईपास रोड की दोनों कच्ची साइड पटरी पर कलर इंटरलॉकिंग कार्य ट्री गार्ड के साथ पेड़ लगाने का कार्य किया जाएगा जिसकी लागत लगभग 28 लाख रुपए एवं नगला परी चौराहे से बंबा बाय पास सैलई की पुलिया तक 60 फुटा रोड पर कलर्ड इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने व ट्री गार्ड के साथ पेड़ लगाने का कार्य लगभग एक करोड़ 14 लाख रुपए में किया जाएगा जिसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गतबंबा बाय पास रोड पर महादेव नगर की पुलिया के पास 5 सीटर सार्वजनिक शौचालय दो यूरिनल के साथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया जिसकी लागत लगभग 11 लाख रुपए बताई गई साथ ही महापौर एवं नगर विधायक ने ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कार्य मानक एवं गुणवत्ता के रूप होना चाहिएअगर मानक में गड़बड़ी पाई जाती है। तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# धौलाना के बीजेपी विधायक के खिलाफ 1.8 करोड़ की रिकवरी नोटिस, सरकारी पट्टे की जमीन का लिया था मुआवजा

गाजियाबाद. उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जनपद के धौलाना विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक के खिलाफ रिकवरी नोटिस जारी की गई है. विधायक धर्मेश तोमर के खिलाफ 1 करोड़ 8 लाख की रिकवरी नोटिस जारी की गई है. विधायक ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के अधिग्रहण के दौरान सरकारी पट्टे की जमीन का मुआवजा लिया था. विधायक की भतीजी अंशु के खिलाफ भी आरसी जारी की गई है. भतीजी अंशु के खिलाफ भी 1.8 करोड़ की आरसी जारी हुई है. भतीजी अंशु के पिता जीडीए में रिटायर्ड इंजीनियर हैं. गाजियाबाद के एडीएम भू-अर्जन की तरफ से विधायक और उनकी भतीजी के खिलाफ आरसी जारी की गई है. हालांकि इस बाबत जब विधायक धर्मेश तोमर से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन पर बात करते हुए बताया कि सिर्फ अकेले मुझे नहीं बल्कि सैकड़ों लोगों को आरसी जारी की गई है और जिस जमीन के मुआवजे की बात की जा रही है

# यूपी में बदला मौसम का मिजाज, जारी रहेगी बादलों की आवाजाही लेकिन बढ़ेगा तापमान

लखनऊः उत्तर प्रदेश में मौसम पल-पल करवट ले रहा है, जहां रविवार से लेकर मंगलवार तक प्रदेश में भारी बारिश का आलम था तो वहीं अब एक बार फिर से तापमान चढ़ेगा. लोगों को गर्मी का एहसास भी होगा. गुरुवार को लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में धूप रहेगी. तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी भी हो सकती है.यानी धूप के साथ उमस से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी.

लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश की माने तो मौसम केंद्र की ओर से पहले जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर के महीने में अधिकतम तापमान अपने सामान्य डिग्री सेल्सियस से एक से दो डिग्री अधिक रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया था. उसी के मुताबिक सितंबर के महीने में उतार चढ़ाव जारी रहेगा. हालांकि बहुत ज्यादा तापमान नहीं बढ़ेगा. एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है.

इसके अलावा पूरे प्रदेश में बादलों की आवाजाही लगी रहेगी. कहीं-कहीं पर बूंदाबांदी भी हो सकती है, लेकिन मौसम अब इसी तरह एक से दो दिन स्थिर रहेगा.

**आज ऐसा रहेगा तापमान**

लखनऊ में आज अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है. बाराबंकी, हरदोई, कानपुर, इटावा, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, वाराणसी, बलिया, चुर्क, बहराइच और प्रयागराज में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से लेकर 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से लेकर 27 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है.फतेहपुर, बांदा, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज, गाजीपुर और फतेहगढ़ में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से लेकर 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है. इन जिलों का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस लेकर 27 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा. बस्ती, झांसी, उरई, हमीरपुर, बरेली शाहजहांपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, अलीगढ़ और बुलंदशहर में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से लेकर 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है, जबकि यहां का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से लेकर 28 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है. इसके अलावा मथुरा, चित्रकूट, हाथरस, आजमगढ़, गोंडा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से लेकर 35 डिग्री सेल्सियस तक रहने का पूर्वानुमान है. जबकि इन जिलों का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है.

# मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रो ने आयोजित की महिला चौपाल,समाज के हर एक गरीब व्यक्ति को मिले लाभ

रायसेन। अटल विहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान के द्वार नियुक्त जनसेवा मित्र जिले के विभिन्न ग्रामो में जा कर महिला चौपालो का आयोजन कर रहे है मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र राहुल लोधी ने बताया कि ग्राम पंचायत धनियाखेड़ी के ग्राम रंगपुरा के ऑगनवाडी में महिलाओं से संवाद किया जिसमें मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जैसे लाडली बहना योजना,गांव की बेटी,प्रतिभा किरण,लाडली लक्ष्मी योजना,प्रसूति सहायता योजना,दिव्यांग पेंशन,वृद्ध पेंशन,आवास योजना इत्यादि की जानकारी महिलाओं को प्रदान की



तथा महिलाओं को विस्तार पूर्वक एक एक योजना के बारे में समझाया कि किस योजना का लाभ किस प्रकार उनको प्राप्त होगा मध्यप्रदेश शासन की सभी योजनाओं के बारे में जानकर एक उत्साह की झलक देखने को मिलती है साथ ही हितकारी योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर महिलाएं मध्यप्रदेश के प्रभावी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देती है इस चौपाल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र राहुल लोधी,शिखा शक्या,ज्योति शक्या,दशरत सिंह एवं ऑगनवाडी कार्यकर्ता का सहयोग रहा।

# कानपुर : पीड़िता से बोले दरोगा केवल छेड़खानी ही तो की ,रेप तो नहीं , जांच के आदेश

*- छेड़खानी और बलात्कार की शिकार महिलाओं से शालीनता से पेश नहीं आती कानपुर पुलिस*

*- अब तक अनेक महिलाएं हो चुकी पुलिस की अभद्र व्यवहार का शिकार*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर` केंटो प्रदेश सरकार ने भले ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किसी भी आशय के आदेश निर्देश क्यों न दे रखे हों लेकिन पुलिस का व्यवहार उनके लिए दुखदाई साबित हो रहा है। इस कथन की पुष्टि तब हुई जब लड़की के साथ हुई छेड़खानी की घटना में दबंग के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक महिला कल्याणपुरकी चौकी इंचार्ज से मिली ,जिस पर चौकी इंचार्ज ने उससे कहा कि उसकी लड़की के साथ केवल छेड़खानी ही तो हुई है कोई रेप तो नहीं हुआ` छेड़खानी की घटना की शिकायत के दौरान दरोगा के इस अभद्र व्यवहार से पीड़ित महिला जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी से भी मिली जिस पर उन्होंने घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं। ल्ल घटना का संबंध कल्याणपुर थाना क्षेत्र से है ,जहां रहने वाली रागिनी नामक एक महिला की कक्षा 6 में पढ़ने वाली बेटी मोहिनी ( नाम काल्पनिक ) के साथ पंचर बनाने वाले एक दुकानदार ने छेड़खानी और अश्लील हरकत की । इसी की शिकायत लेकर वह चौकी इंचार्ज के पास गई थी ,जहां कल्याणपुर में तैनात चौकी इंचार्ज ने कहा कि बेटी के साथ केवल छेड़खानी ही तो हुई है कोई रेप तो नहीं हुआ। इस बीच महिला ने दरोगा का वीडियो भी बनाने की कोशिश की जिस पर उसके मोबाइल को छीनकर भगा दिया गया ,जिसके बाद ही वह जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी से मिली, जिस पर उन्होंने घटना की जांच के आदेश कल्याणपुर के इंस्पेक्टर धनंजय पांडे को दिए हैं। कानपुर में यह घटना पहले नहीं है । इसके पहले भी पीड़ित कई महिलाएं इसी तरह से पुलिस के दुर्व्यवहार का शिकार हो चुकी हैं।

# जिले में अब तक 978.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 0.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 13 सितम्बर 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 13 सितम्बर 2023 तक 978.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 458.2 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 13 सितम्बर 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 796.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1157.8, बेगमगंज में 1041.6, सिलवानी में 835.2, गौहरगंज में 729.8, बरेली में 1275, उदयपुरा में 1183, बाड़ी में 835, सुल्तानपुर में 820.6 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1114.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में 0.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 13 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 0.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 1.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 0.6, सिलवानी में 0.4, गौहरगंज में 2.8, बरेली में 01, उदयपुरा में 0.2, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 0 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 0.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# गरीब किसान एवं ग्रामीण लोगों के लिए अभिशाप बनी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, रामेश्वरम जाने वालों की सूची में राजनीतिक पहुंच वालों के नाम

## *सूची में नाम नहीं आने पर नाराज हुए सैकड़ो लोग, कहा हमारी भी बारी आएगी देखेंगे,,,,*

रायसेन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गरीब असहाय किसान मजदूर वर्ग के निर्धन लोगों के लिए जो तीर्थ यात्रा पर आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण नहीं जा पाते ऐसे लोगों के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना चलाई गई है जो की कहीं वरदान साबित हो रही है तो कहीं भाई भतीजा बाद और राजनीति की भेंट चढ़ती हुई दिखाई दे रही है। जिन गरीब किसान मजदूर के लिए तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिया जाना समाज हित में है वहीं अब मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना रायसेन जिले में मजाक बनकर रह गई है। किस तरह से मुख्यमंत्री की 30 दर्शन योजना का रायसेन जिले में मजाक उड़ाया जा रहा है इसका जीता यात्रा उद्धरण अभी हाल ही में रामेश्वरम तीर्थ दर्शन के लिए जाने वाली यात्रा में हजार लोगों से ऊपर आवेदन आए थे रायसेन जिले की सभी तहसीलों से आवेदन जिला मुख्यालय रायसेन बुलाए गए जहां आवेदनों की छटनी करते हुए उनमें ऐसे आवेदन तीर दर्शन योजना में जाने के लिए पास किए गए हैं जिनका कोई औचित्य नहा है जो आर्थिक दृष्टि से सक्षम है और राजनीतिक पकड़ रखते हैं और कई शहरी क्षेत्र के लोग भी हैं जो राजनीतिक पकड़ रखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों पर दवाव बनाकर तीर्थ दर्शन योजना में शामिल हो गए और ऐसे लोगों का नाम भी सूची में आ गया है जिससे अन्य सैकड़ो लोगों के नाम सूची में नहीं आ पाए हैं उनमें बेहद नाराजगी के भाव देखे जा रहे हैं। बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय प्रांगण में ऐसे एक दर्जन से




अधिक लोग जिनके तीर दर्शन योजना में नाम शामिल नहीं किए गए उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि भैया गरीबों का कोई नहीं है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हमारे हित में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना चलाई गई है, परंतु निचले स्तर पर राजनीति की भेंट चढ़ रही है सत्ता पक्ष के नेताओं के कहने पर पहुंच वाले जो आर्थिक स्थिति से सक्षम है ऐसे लोगों के नाम सूची में दिए गए हैं और अधिकारियों द्वारा वहाना बनाया जा रहा है की लाट सिस्टम से पर्ची निकाल कर सूची बनाई गई है। जबकि यह सरासर गलत है अगर रामेश्वरम जाने वालों की बनाई गई सूची की बारीकी से जांच की जाए तो इसमें बहुत बड़ी गड़बड़ी उजागर होकर सामने आएगी जिले भर से इस योजना में जितने भी लोगों को शामिल करते हुए सूची बनाई गई है उसमें सभी सक्षम लोग हैं और सत्ता पक्ष से कहीं ना कहीं अपनी पकड़ मजबूत रखते हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी ध्यान देना जरूरी होगा जिला प्रशासन में बैठे आला अधिकारी भी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की सूची पर ध्यान नहीं देते इसी कारण से निचले स्तर के अधिकारी अपनी मनमानी करते हुए और सूची तैयार कर देते हैं । हकीकत में जिन लोगों को तीर्थ दर्शन के लिए जाना होता है ऐसे कई लोग सूची से वंचित रह जाते हैं इससे पूर्व में भी कई बार ऐसी कमी देखने में आई है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ जिन लोगों को मिलना चाहिए उनको तो नहीं मिल रहा जो पात्र हैं परंतु जो अपात्र और आर्थिक दृष्टि से सक्षम है ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री की दर्शन योजना में लाभ दिया जा रहा है और ऐसे ही लोगों को सूची में शामिल किया जाता है। तीर्थ दर्शन योजना रामेश्वरम के लिए लगाई गई तहसील कार्यालय परिसर में सूची को देखकर प्रांगण में नाराजगी के भाव लेकर बैठे पेमद निवासी फूल सिंह, तुलाराम भाव सिंह, पार्वती बाई, मोहर सिंह, मुन्नू लाल येसे एक दर्जन से अधिक लोग तहसील कार्यालय में बैठे हुए थे जो की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की सूची में नाम शामिल नहीं होने पर नाराज हो रहे थे उनका कहना है कि ठीक है मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में पहुंच वालों के नाम ही आए हैं हम गरीबों के नाम छोड़ दिए गए हैं अब आगे हमारी बारी आएगी तो देख लेंगे, उनका इशारा आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव की ओर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा था। इस प्रकार से कहते हुए एक दर्जन से अधिक लोग रायसेन तहसील कार्यालय से बाहर नाराजगी के भाव लेते हुए अपने घरों की ओर जाते हुए दिखाई दिए इसमें से कई लोगों ने बताया कि हमने इसकी शिकायत क्षेत्र के विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी से भी की है कि वह रामेश्वरम के लिए तीर दर्शन योजना में शामिल होने वालों की सूची की जांच कराए और पुनः आवेदन बुलाकर जो पात्र लोग हैं उन्हें ही तीर्थ दर्शन योजना का लाभ मिले ऐसी मांग हम करते हैं। कमोवेश ऐसी स्थिति रायसेन तहसील क्षेत्र में ही नहीं जिले की सभी तहसील क्षेत्र में देखने और सुनने में आई है कि रामेश्वरम के लिए जाने वाली तीर्थ दर्शन योजना में बंदर बांट की गई है सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर सूची बनाई गई है, इस प्रकार की चचाएं जिला मुख्यालय सहित जिले भर में सुनाई दे रही हैं।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रथम वर्ष में एवं द्वितीय वर्ष में प्रवेष हेतु सीएलसी काउंसलिंग 15 सितम्बर तक

**रायसेन, 13 सितम्बर 2023**

शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय, रायसेन में वर्तमान में सीएलसी द्वारा प्रथम वर्ष में 10वीं के आधार पर संस्था में संचालित सिविल इंजी., इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्युनिकेषन इंजी., मैकेनिकल इंजी और इलेक्ट्रीकल इंजी. ब्रांच में दिनांक 15 सितम्बर तक प्रवेष चल रहे है। संस्था के प्राचार्य डॉ. एसपी कोरी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रवेष प्रक्रिया के साथ-साथ आई0टी0आई उत्तीर्ण विद्यार्थियों का डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेष हेतु लेट्रल इंट्री द्वारा सीएलसी काउंसलिंग 15 सितम्बर 2023 तक चल रही है। संस्था में सभी ब्रांच में द्वितीय वर्ष आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये पार्याप्त सीटें है। विद्यार्थियों को न्यूनतम फीस में समस्त सुविधाओं सहित इंजीनियर बनने का सुनहरा अवसर है। उक्त अवसर का लाभ लेने हेतु विद्यार्थी एम0पी0 ऑनलाइन के कियोस्क से रजिस्ट्रेषन उपरांत समस्त दस्तावेजों एवं फीस सहित उपस्थित होकर प्रवेष ले सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल न0. 9329443475, 9717581032 पर संपर्क कर प्रवेष तथा कैरियर अवसर की जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध सीटों पर प्रवेष का अवसर प्राप्त कर सकते है। डी.टी.ई. काउंसिलिंग पोर्टल से अथवा एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क से रस्ट्रिषन उपरांत सभी दस्तावेज, टी.सी. एवं फीस लेकर विद्यार्थी प्रवेष की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# जिला रोजगार कार्यालय में 16 सितम्बर को लगेगा रोजगार मेला

**रायसेन, 13 सितम्बर 2023**

जिला रोजगार कार्यालय में 16 सितम्बर 2023 को रोजगार मेला आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न कम्पनियां शामिल होगीं। इस रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 18 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की भर्ती विभिन्न कम्पनियों द्वारा की जाएगी। इच्छुक आवेदक 16 सितम्बर 2023 को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा।

# केवट पिपलिया पहुंचे मुख्यमंत्री, शोक संवेदना व्यक्त कर विधायक रामपाल सिंह के परिवार को बंधाया ढाढ़स

रायसेन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को केवट पिपलिया पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं सिलवानी विधायक रामपाल सिंह के मंझले भाई की तेरहवीं एवं गंगाजली पूजन में सम्मिलित हुए और शोक संवेदना व्यक्त की मुख्यमंत्री श्री चौहान, मध्यप्रदेश शासन में कृषि मंत्री कमल पटेल हेलीकॉप्टर से केवट पिपलिया पहुंचे थे उन्होंने रामपाल सिंह के मंझले भाई स्व. रुद्र प्रताप सिंह चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर



शोक संवेदना व्यक्ति की। इस दौरान सांसद रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवीकरण साहू, रायसेन संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, रायसेन भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में उदयपुरा, बाड़ी, बरेली एवं सिलवानी, बेगमगंज, सुल्तानगंज क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# निक्षय मित्र अभियान में प्रदेश स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर रायसेन जिला सम्मानित

## *स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी तथा चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री श्री सारंग ने प्रदान किया पुरस्कार*

**रायसेन, 13 सितम्बर 2023**

महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से भोपाल स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में आयुष्मान भवः अभियान का वर्चुअली शुभारंभ किया गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडिया भी वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय भोपाल में स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री श्री विश्वास सारंग सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा प्रदेश में रायसेन जिले को निक्षय मित्र अभियान में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया तथा सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री के नेतृत्व में रायसेन जिले में निक्षय मित्र अभियान चलाया गया। जिसमें रायसेन जिले में 328 निक्षय मित्रों द्वारा 2358 बॉस्केट 1016 मरीजों को वितरित की गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी तथा चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री श्री सारंग से यह पुरस्कार जिला टीबी अधिकारी डॉ यशपाल सिंह तथा डीपीसी रायसेन डॉ आरती गंगवार द्वारा प्राप्त किया गया।

# जिले में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

## *ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन कर मतदान प्रक्रिया की दी जा रही है जानकारी*

**रायसेन, 13 सितम्बर 2023**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिनमें रैली, रंगोली, मेहंदी, निबंध लेखन सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के



लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही नवीन मतदाता सहज रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए जिले में सार्वजनिक स्थलों तथा मतदान केन्द्रों पर ईवीएम, वीवीपैट का मतदाताओं के सक्षम प्रदर्शन करने हुए वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड का हुआ वितरण

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी । आयुष्मान भवः कार्यक्रम के शुभारंभ माननीय राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मु द्वारा किया गया जिसके तहत विकासखंड मस्तूरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी में बुधवार को आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक चलने वाली कार्यक्रम के संबंध में सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य मितानिनों, मितानिनों प्रशिक्षिकाओं एवं ब्लाक समन्वयकों को जानकारी दिया गया । ज्ञात हो आयुष्मान भवः कार्यक्रम प्रधानमंत्री का विशेष कार्यक्रम है जिसके तहत ग्राम के प्रत्येक नागरिकों को आयुष्मान कार्ड (हेल्थ कार्ड) बनाने एवं वितरण



करने हेतु, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी, पीएचसी एवं एचडब्ल्युसी/एसएचसी) में स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा अंगदान अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं आम नागरिकों को मृत्यु पश्चात अंगदान करने हेतु प्रेरित करने संबंधी कार्यक्रम की जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जैसे टीबी उन्मुलन, कुष्ठ उन्मुलन, मलेरिया उन्मुलन, ग्राम सभा का आयोजन कर उसकी जानकारी पोर्टल के माध्यम से इंद्राज करने हेतु भी जानकारी आज के कार्यक्रम में प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप मुख्य अतिथि मायारानी मरकाम, सरपंच ग्राम पंचायत मस्तूरी, डा. नंदराज कंवर, बीएमओ, भूपेन्द्र देवांगन, बीपीएम, संजय मधुकर, बीएएम, राधेश्याम सूर्यवंशी, बीडीएम, प्रखर मिश्रा, एसटीएस, विकास शुक्ला, फार्मासिस्ट, अभिलाषा सिंह, नर्सिंग सिस्टर, के.सी. देवागंन, एनएमए, हीरालाल यादव एवं सुनीता मधुकर, विकासखंड समन्वयक द्वय, तरूण श्रीवास, मितानिन प्रशिक्षिका एवं स्वास्थ्य मितानिन, संजय महंत, हरीश प्रजापति उपस्थित रहें।

# अरपा नदी के एनिकट में बहे ग्रामीण की 36 घंटे के बाद मिली लाश एसडीआरएफ की टीम ने 8 किलोमीटर दूर से किया बरामद

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी । थाना क्षेत्र के ग्राम पाली में सोमवार शाम 6 बजे एनिकट को पार करते समय तेज बहाव में एक बाइक सवार एनिकट से नीचे गिरकर पानी की बहाव में बह गया था, वही बाइक एनिकट में फंस गया था जिसे मंगलवार को बरामद कर लिया था वही लापता विशंभर निषाद का कोई पता नहीं चल पाया था जिसकी 36 घंटे बाद आज सुबह 9 बजे के आसपास एसडीआरएफ की टीम ने घटना स्थल से 8 किलोमीटर दूर ग्राम ठाकुरदेवा के पास से शव को बरामद कर लिया है। ज्ञात हो कि सोमवार शाम ग्राम जैतपुर निवासी विशंभर निषाद उम्र 50 वर्ष तीज में अपनी बहन को लेने चकरभाठा थाना क्षेत्र के ग्राम



सरवानी जा रहे थे जो पाली स्थित एनिकट के ऊपर से बह रहे पानी के बीच अपने बाइक से पार करते समय बह गए थे। फिलहाल मस्तूरी पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# दिल्ली से आए असिस्टेंट सेक्रेटरी सहित 6 सदस्यों की टीम ने सी एच ओ से स्वास्थ संबंधी जानकारी ली

रायसेन । सांची ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र बनगवा हेल्थ आफ मिनिस्ट्री के 6 सदस्य दल ने निरीक्षण कर स्वस्थ संबंधी जानकारी ली वहां पर पदस्थ सी एच ओ से ली वहीं पर उपस्थित मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्मृति चौहान से भी चर्चा की जिसमें उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्मृति चौहान डॉक्टर त्रिशला जैन सी एच ओ निकिता श्रीवास्तव, एएनएम श्रीमती रेखा



श्रीवास्तव, आशा पर्यवेक्षक कामिनी गौरे, आशा तारा चौहान, रीता पूनम बैरागी, लीला बाई विश्वकर्मा, शांति बाई श्रीमती सीमा पटेल सहित उप स्वास्थ्य केंद्र बनगवा की सभी आशाएं व सभी स्टाफ उपस्थित रहा।

# सरकारी जमीन को ही डिपो वाले के पास बेचा सरपंच एवं कोलडीपो की मिलीभगत अब नामांतरण पर रोक लगाने ग्रामीण शासकीय कार्यालयों कालगा रहे चक्कर

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी।ग्राम पंचायत भनेसर के सरपंच एवं सचिव के द्वारा मोटी रकम लेकर शासकीय भूमि ख0नं0 96, 97 कुल रकबा 2.66 एकड को ग्राम पाराघाट की निजी भूमि ख0नं0 777, 788 कुल रकबा 2.74 एकड को फेर बदल किया जा रहा है ,जिसमें नामांतरण पर तत्काल रोक लगाने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने मस्तूरी एसडीएम सहित जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, पुरा मामला यह है कि ग्राम पंचायत भनेसर के सरपंच गीता निषाद, उप सरपंच ईश्वरी सोनी एवं



सचिव विवेक सिंह राठौर के द्वारा मौजा भनेसर पह0नं0 22 रा०नि०मं० जयरामनगर तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर छ0ग0 की शासकीय भूमि ख0नं0 96,97 कुल रकबा 2.66 एकड को मोटी रकम लेकर ग्राम पाराघाट प0ह0नं0 22 की निजी भूमि ख0नं0 777, 788 कुल रकबा 2.74 एकड को फेर बदल करके होराइजन कोल बेनीफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के पास बिक्री किया जा रहा है, जिसमें नामांतरण करने पर आपत्ति ग्राम वासियों भनेसर के द्वारा लगाया जा रहा है तथा ग्राम में आक्रोश बना हुआ है तथा ग्राम भनेसर में किसी प्रकार घटना घटित होने की संभावना तथा ग्राम में शांति भंग होने की संभावना है जिसके कारण उक्त भूमि में तत्काल रोक लगाना आवश्यक है यदि उक्त भूमि की नामांतरण में रोक नही लगायी जाती हैं तो ग्राम में लड़ाई-झगडा होने की संभावना है जिसे देखते हुए उक्त भूमि में रोक लगाया जाना न्यायहित में आवश्यक है।कह कर गांव के ग्रामीणों ने मस्तूरी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

# कुत्ते को लेकर विवाद कर प्राण घातक हमला करने वाले युवक को पांच वर्ष का कारावास

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 14 सितंबर ) हट्टा पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले सालेटेका निवासी 22 वर्षीय युवक चन्दन पिता कृष्णा नगपुरे ने कुत्ते को लेकर विवाद में डंडे से सिर पर प्राणघातक हमला करने के आरोप में तीन साल बाद आये फैसले में पांच वर्ष की कारावास की सजा हुई है। जिला सत्र न्यायाधीश दिनेश चंद्र थपलियाल की अदालत ने दोषी पाते हुए हत्या के प्रयास में 5 वर्ष के कारावास और 5 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। जिसमें अर्थदंड की राशि गणेश नगपुरे को क्षतिपूर्ति स्वरूप दिये जाने के आदेश दिये है। मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक एम.एम. द्विवेदी ने पैरवी की थी। घटनाक्रम के अनुसार हट्टा थाना अंतर्गत सालेटेका में गणेश नगपुरे के घर के सामने उसकी बहू के कुत्ते को लेकर आरोपी की मां से विवाद चल रहा था। जिसमें गणेश नगपुरे ने बहू को डांटा। जिसे सुनकर आरोपी चंदन नगपुरे घर के अंदर से गाली गलौच करते हुए बाहर निकला। जिसे गणेश ने गाली देने से मना किया तो आरोपी चंदन नगपुरे ने गणेश के सिर और गर्दन पर हाथ में रखे डंडे से हमला कर दिया। जिससे गणेश को चोट आने पर उसके सिर से खून निकलने लगा। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना उपरांत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया था। पुलिस ने मामले की संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले के विचारण उपरांत न्यायालय ने प्रकरण की साक्ष्य और अभियोजन के तर्क के आधार पर आरोपी को दोषी पाते हुए कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला दिया है।

# डीजल चोरी और ट्रक ड्राइवरों से मारपीट करने वाले को मस्तूरी पुलिस ने धर दबोजा

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। थाना क्षेत्र के फोरलेन पर ट्रक ड्राइवर से मारपीट एवं धमकाने चमकाने के साथ-साथ, ट्रक एवं हाईवा से डीजल चोरी करने वाले आरोपियों को मस्तूरी पुलिस ने धर दबोचा है।थाना मस्तुरी के सहायक उप निरीक्षक हेमन्त पाटले एवं हमराह स्टाफ आर सखदेव मांड्रे, आर तोमर जाहिरे, संतोष पाटले,थाना मस्तुरी पुलिस द्वारा आरोपी मनोज कुमार मिरी पिता रामकुमार मिरी उम्र 35 वर्ष निवासी कोरबी थाना बलौदा जिला जांजगीर द्वारा अपने अन्य तीन साथियों के साथ महिन्द्रा कार मे आकर टोल प्लाजा के पास ट्रक चालकों को लोहे का रॉड, लकड़ी का डंडा से डरा धमका




कर नगदी एवं वाहनो का डीजल लूटपाट किया जा रहा था जिसे गश्त के दौरान सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुच कर 01 आरोपी को पकड़ा गया तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे कामयाब हो गये पकड़े गये आरोपी से लूट के नगदी रकम 1000 रुपये ,डीजल 120 लीटर,महिंद्रा ळवश 300 कार उ ऋ13 अ इ 8901,लोहे की धारदार रॉड,प्लाटिक पाईप समान बरामद किया गया, जिसे धारा 392,34 भा द वी के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# शिवरीनारायण स्थित बघेल हॉस्पिटल में 14 सितंबर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन.

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

जांजगीर चाम्पा। सरिता बघेल,पत्नी स्वर्गीय डॉ बी पी बघेल एवं स्वामिनी बघेल हॉस्पिटल शिवरीनारायण ने बताया है कि 14 सितंबर को डॉ बी पी बघेल के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर में इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वर्गीय डॉ बी पी बघेल ने अपने जीवनकाल में शिवरीनारायण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत किया एवं उनके द्वारा स्थापित बघेल हॉस्पिटल विगत 30 वर्षों से शिवरीनारायण तथा आसपास के गांवों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए उनकी बेटीयां डॉ पारुल भागवत, डॉ यीशा ग्रेस एवं बेटा डॉ प्रिंस जॉय विगत 1 वर्ष से स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अस्पताल के संरक्षक संजय मोदी ने यह जानकारी दी है कि बघेल हॉस्पिटल शिवरीनारायण द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 वर्ष में दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ रितेश कंसल न्यूरो सर्जन, डॉ संजय प्रकाश सर्जन, डॉ प्रिया मिश्रा निसंतान रोग विशेषज्ञ बिलासपुर से, डॉ अरविंद एक्का स्त्री रोग विशेषज्ञ अकलतरा से, डॉ विकास लखमनिया हड्डी रोग विशेषज्ञ रायपुर से, डॉ शुभम शुक्ला एम डी मेडिसिन बिर्रा से शिवरीनारायण क्षेत्र वासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रबंधन प्रमुख कीर्ति कुमार साहू ने बताया की हमारे हॉस्पिटल के द्वारा इस क्षेत्र के




लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की कोशिश लगातार जारी है जैसे, स्त्री रोग विभाग, आईसीयू , हड्डी रोग विभाग एवं जनरल सर्जरी एवं मेडिसिन विभाग की सुविधा, 24*7 एम्बुलेंस, मेडिसिन एवं पैथोलॉजी की सुविधा प्रदान की जा रही है तथा स्वास्थ्य सेवाओं की इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए हमारे हॉस्पिटल द्वारा सोनोग्राफी की सुविधा शुरू की गई है एवं निकट भविष्य में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज की सुविधाएं शुरू की जाएंगी। बघेल हॉस्पिटल की पूरी टीम द्वारा आग्रह है कि आप सभी इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ मिल सके।

# परिवार पहचान पत्र में कम आय दिखाकर नई गाड़ी खरीदने वालों की बढ़ी मुश्किलें

आईडी में अधिक या कम आय दिखाने वाले एमसी में असल जानकारी देने के लिए लगे हैं कतारों में

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़ सितम्बरः हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए फैमिली आईडी में अपनी असली आय दिखाने वालों के लिए सरकार द्वारा बनाये गए नए नियम से फैमिली आईडी में कम आय दिखाकर नई गाड़ी खरीदने वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।इसका सबसे बड़ा कारण है कि वाहन पंजीकरण के लिए परिवार पहचान संख्या सत्यापन का अब तक विकल्प फैमिली आईडी ही है।

इस अधिनियम के जारी हो जाने से सरकार को ऐसे लोगों की आय जानने में मदद मिलेगी जिन्होंने अपनी आय दिखाते समय हेराफेरी की हुई है । इस आधार पर सरकार केवल उन्हीं योजनाओं को रद्द कर सकती है जिनका लाभ उन्होंने कम आय दिखाकर सरकार से लिया गया है।

वैसे सरकार ने यह नया नियम क्यों लागू किया है, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। कुछ लोगों का मानना है कि सरकार इस नियम के जरिए सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान करना चाहती है। दूसरों का मानना है कि सरकार का नियम महंगाई पर काबू पाना है। यह नियम उन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है, जिन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपनी फैमिली आईडी में कम आय दिखाई है। इन लोगों को अब नया वाहन खरीदने से पहले अपनी फैमिली आईडी में आय बढ़ानी होगी। फैमिली आईडी में अपनी आय सही कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग नगर निगम पहुंच रहे हैं। फैमिली आईडी में ज्यादा आय दिखाने पर किसी की पेंशन कट गई या राशन मिलना बंद हो गया। अब सरकार ने वाहन पंजीकरण को फैमिली आईडी से जोड़ दिया है।

सरकार के नये फरमान से पता चलता है कि परिवार फिर से निगम में शामिल होने जा रहे हैं। जिन लोगों की आय अब तक कम लग रही थी, अब उनकी आय में वृद्धि होगी, जिससे वे नया वाहन खरीद सकेंगे।

# कहासुनी के बाद शराबी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट
## पत्नी पर चलाई ताबड़तोड़ 4 गोलियाँ

**निशा शर्मा ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, हरियाणा के हिसार जिले के सिंघरान गांव में एक व्यक्ति ने पत्नी के साथ कहासुनी के बाद उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर कर दी। पत्नी पर उसने 4 गोलियाँ चलाई। गोलियाँ अलग- अलग जगह पर लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । वहीं परिवार के अन्य सदस्य उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। दोषी गांव के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य विभाग का क्लास फोर्थ कर्मचारी राजकुमार है।

रोजाना शराब पीने के कारण उसका मानिसक स्वास्थ्य ठीक नहीं था। बुधवार सुबह 5 बजे उसने शराब पीकर पत्नी प्रभारी के साथ झगड़ा करने लगा।इसके बाद उसने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से तीन-चार गोलियां अपनी पत्नी पर चला दी। परिवार के अन्य सदस्य उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

परिवार में उसे तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। जबकि दो बेटे हैं। वहीं पुलिस ने राजकुमार को अरेस्ट कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### अरुण सांगवान की हरियाणा स्टेट फूड कमीशन के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

**अदिति गौड़ संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़ः हरियाणा स्टेट फूड कमीशन अध्यक्ष पद पर अरुण सांगवान की नियुक्ति कर दी गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने निवास पर अरुण सांगवान को बुलाया था ।इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला भी उपस्थित रहे। श्री सांगवान ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह दी गई जिम्मेदारी को तहेदिल से पूरा करेंगे।

### जे.जे.पी. संगठन के खेल प्रकोष्ठ के लिए हुई नियुक्तियाँ

**अदिति गौड़ संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़ः जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 32 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं पूर्व विधायक राजदीप फोगाट, प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप मलिक कोच व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद खेल प्रकोष्ठ में 10 वरिष्ठ पदाधिकारियों और 22 जिला संयोजकों की नियुक्तियों की सूची जारी की है।

# एक लाख गरीब परिवारों को घर देने की योजना है सरकार की- मनोहर लाल

देश में अकेले हरियाणा को पोर्टल वाली सरकार का मिला है दर्जा- मनोहर लाल खट्टर

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/पंजाब**

चण्डीगढ़, 13 सितम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि प्रदेश में गरीब परिवारों को आवासीय सुविधा देने के मामले में उनकी सरकार गंभीरता से काम कर रही है। सर्वे पूरा होने के बाद उनकी सरकार की योजना एक लाख गरीब परिवारों को घर देने की है। सर्वे के बाद प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भूमि की खरीद करके बहुत ही सस्ती दरों पर मकान उपलब्ध कराएंगे ताकि कोई परिवार बिना छत के नहीं रहे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि एच. एस.वी. पी .की ओर से आवासीय कालोनियों बनाकर ऐसे गरीब परिवारों को दी जाएं जो निर्धारित योग्यताएँ पूरी करते होंगे।

उन्होंने कहा कि देश में केवल हरियाणा ही ऐसा प्रदेश है जहाँ सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास



के लिए पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराने की हिम्मत जुटाई। मुझे इस बात की खुशी है कि मेरी सरकार को पोर्टल वाली सरकार की संज्ञा दी जा रही है। इस युग में पोर्टल एक ऐसा माध्यम बन गया है जिसके जरिये सरकार और आमजन को पुराने से लेकर नए आंकड़े मिल रहे हैं। इन आंकड़ों के आधार पर ही विभिन्न विभागों में तहकीकात करके जो जानकारी जुटाई जा रही है उसके आधार पर ही आवेदक की मांग पूरी होती है।

उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि पोर्टल की सुविधा अधिक से अधिक विभागों में हो और अगर उससे मिली जानकारी केअनुसार काम होंगे तो रिश्वतखोरी के अवसर ही खत्म हो जाएंगे। कोई अधिकारी और कर्मचारी रिश्वत की माँग करता होगा तो एक शिकायत पर पकड़ में आ जाएगा। इसलिए हम लोगो की सुविधा के लिए नए पोर्टल लाते रहेंगे।

मनोहर लाल ने कहा कि उनकी सरकार ने नए पोर्टल के जरिये लोगों से आवेदन माँगे है। पोर्टल के माध्यम से सरकार और लोगों को शहरी योजना के लिए विस्तार से जानकू उपलब्ध होगी। हाल ही में नयी नो लिटिगेशन पॉलिसी के लिए नया पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस प्रकार पोर्टल के माध्यम से परिवार पहचान पत्र के द्वारा पी एक्टिव ओबीसी सर्टिफिकेट देने का पोर्टल लॉन्च किया गया है। एच एम जी आई एस पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत लोगों को 100 गज या 150 गज के आवासीय प्लाट देने की सरकार द्वारा योजना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एन वी टी के जरिये जमीन लेने वालों को प्रति एकड 21 हजार रुपये 33 साल तक मिलते रहेंगे।

# श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट का विशाल फ्री मेडिकल कैंप 15 सितंबर को सीबीसी स्कूल बरवाला में

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : समाजसेवी संस्था श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत 15 सितंबर वार्ड नंबर 7 स्थित सीबीसी मैमोरियल स्कूल बरवाला के प्रांगण में विशाल फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप के संयोजक एवं मार्केट कमेटी बरवाला के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 15 सितंबर शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर 7 स्थित सीबीसी मैमोरियल स्कूल के प्रांगण में विशाल फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर डा. पुनीत गोयल मुख्यातिथि होंगे। इस कैंप में डा. अमन बरवाला, डा. रणजीत सिंह बैनीवाल, डा. प्रियंका व डा. रमन अपनी सेवाएं देंगे। इस कैंप में गुर्दे की पत्थरी, प्रोस्टेट संबंधित बीमारी, पेशाब की नली का सिकुडड्ड, पेशाब मार्ग का कैंसर, साइनोसाईटिस, नाक, कान की हड्डी का टेढ़ापन, कमर दर्द, गर्दन दर्द, जोड़ों का दर्द व नवजात शिशुओं से संबंधित बीमारियों की जांच की जाएगी। इसके अलावा इस कैंप में आंखों की भी जांच की जाएगी और जिनकी आंखों का ऑप्रेशन हो सकता है उनका ऑप्रेशन भी करवाया जाएगा। कैंप के संयोजक व पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने बरवाला शहर व आसपास के क्षेत्र की जनता से इस कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।



2024 लोकसभा चुनाव..................................

# हरियाणा में लोकसभा चुनाव में लिए बिछने लगी है बिसात

## पार्टी प्रभारी बिप्लबदेव की रिपोर्ट के आधार पर उच्च कमॉन गंभीरता से कर रही विचार, भाजपा लगभग सभी 10 सीटों पर उतारेगी नए चेहरे

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा में लोकसभा चुनावों को लेकर बिसात अभी से बिछने लगी है। जिनमें सत्ताधारी पार्टी भाजपा के बाद कांग्रेस दूसरे नंबर पर, इनेलो और जे जे पी भी इनके बाद लाईन में मानी जा रही है।

ज्ञातव्य है कि साल 2024 में लोकसभा के चुनाव प्रस्तावित हैं और हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों का फीडबैंक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पास पहुंच चुका है। इसमें भाजपा के फिलहाल जो सांसद बने हुए हैं, उनकी रिपोर्ट भी शामिल है। हरियाणा में लोकसभा की सभी 10 सीटों पर मुकाबला होगा ।

हरियाणा में गठबंधन सरकार से खफा लोगों की संख्या बड़ी संख्या में मानी जा रही है।जबकि सरकार के दावे हैं कि भाजपा अब की बार फिर पिछला इतिहास दोहराएगी और सभी 10 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार बाजी मारकर लोकसभा में पहुँचें गे। इस बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश की रिपोर्ट हाई कमान तक पहुँच चुकी है।

काबिले जिक्र है कि भाजपा हाईकमान को इस बार इन सभी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार सोच समझकर कर चुनाव मैदान में उतारने पड़ेंगे। वर्तमान के इक्का- दुक्का सांसदों को छोड़कर शेष सभी अबकी बार लोकसभा चुनाव में कूदना नहीं चाहते।

निश्चित ही सभी 10 में से कुछ क्षेत्रों में भाजपा नए चेहरों पर दांव खेल सकती है। भाजपा के हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने गत दिनों नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों का रिपोर्टकार्ड उनके समक्ष रखा था।

सर्वविदित है कि भाजपा मिशन-2024 की तैयारियों में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और ओम प्रकाश धनखड़ ने अपने-अपने तरीके से आमजन के बीच जाकर उनके विचार जानने की कोशिश की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन संवाद कार्यक्रम को मुख्य आधार बनाया और प्रदेश के ऐसे लोकसभा चुनाव क्षेत्रों के गाँवों का दौरा किया जहाँ भाजपा विरोधी पार्टियों और उनके उम्मीदवारों की मजबूत पकड़ की संभावना है। प्रदेश के जिन पश्चिमी क्षेत्रों में जन संवाद कार्यक्रम हुए




वहाँ जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछड़े वर्ग के लोगों की भावनाओं को जानने की कोशिश की, जिसमें भाजपा के पक्ष में कितना कुछ झलका, उन्होंने वो फीडबैक हरियाणा में पार्टी प्रभारी बिप्लबदेव के साथ सांझा करने के बाद ही हाईकमान तक पहुँचाने की कोशिश की।

### विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी पदाधिकारियों की नियुक्ति

इसी प्रकार पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी ने हाईकमान के ईशारे पर पहले बड़ी संख्या में जरूरत के अनुसार जिला से लेकर,तहसील, कस्बा में अलग अलग जातियों के वोट बैंक को हथियाने के लिए पद बख्श कर उनके सहारे अगले कदम उठाए। विभिन्न ओहदों पर पार्टी के नेताओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपने के बाद बड़ी सोच समझ के साथ पन्ना प्रमुख तैनात किये और उनके साथ साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी के कार्यकताओं को लोगों में पार्टी के लिए काम करने की जिम्मेदारी दी।

इसी कड़ी में लोकसभा क्षेत्रवार रैलियां की जा चुकी हैं। इन रैलियों की शुरूआत खुद गृहमंत्री अमित शाह ने सिरसा रैली से की थी। शाह ने तब ऐसे युवाओं को जिम्मेदारी दी जिनके बुजुर्गों की क्षेत्र में पूरी पकड़ के साथ राजनीतिक गलियारों में सम्मान के साथ नाम लिया जाता है।

गौरतलब है कि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी सीटों पर विजय पाई थी। इस वर्ष मई में अंबाला से सांसद रहे रतनलाल कटारिया के निधन के बाद से यह सीट खाली है। जिस पर अब तक चुनाव आयोग ने उपचुनाव की घोषणा नहीं की और संभावना है कि इस सीट पर अब की बजाय 2024 के चुनावों में ही आम चुनाव होगा। तब तक यह सीट खाली ही रहेगी।

### विधानसभा क्षेत्रों में पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन और पार्टी की छवि

अब भी पार्टी द्वारा सभी 90 हलकों में पन्ना प्रमुख सम्मेलन करवाए जा रहे हैं। प्रभारी ने छोटे- बड़े नेताओं को साथ लेकर उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में अपने दौरों के दौरान पार्टी की बढ़ती- घटती छवि पर नजर दौड़ाने और मुख्यमंत्री मनोहर लाल व ओम प्रकाश धनखड़ के साथ अन्य पदाधिकारियों के विचार जानने के बाद ही नेतृत्व को स्थिति से अवगत कराया है।

### पार्टी नेतृत्व तलाशने में जुटा नए चेहरे

प्रदेश भाजपा नेतृत्व के अनुसार 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी कम से कम छह जगहों पर नये चेहरे मैदान में उतारने की सोच रखती है। इसके लिए अभी से सर्वे चल रहा है। लोकसभा क्षेत्रवार मजबूत चेहरों की तलाश भाजपा कर रही है। केंद्रीय मंत्री व गुरुग्राम सांसद राव इंद्रजीत सिंह तथा फरीदाबाद सांसद और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के एक बार फिर चुनाव लड़ने के आसार हैं। अंबाला में रतनलाल कटारिया के निधन की वजह से नया प्रत्याशी आना तय है। करनाल सांसद संजय भाटिया इस बार संसदीय उम्मीदवार होने की बजाय पानीपत सिटी से विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इससे साफ है कि करनाल लोकसभा चुनाव क्षेत्र से पार्टी किसी नये दिग्गज समाजसेवी और पार्टी नेता को मैदान में उतारेगी।

### हरियाणा में भाजपा के वर्तमान सांसद और उनकी इच्छाएँ

कुरुक्षेत्र सांसद नायब सिंह सैनी की रुचि भी इस बार नारायणगढ़ से विधानसभा चुनाव लड़ने की बताई जा रही है। सोनीपत सांसद रमेश चंद्र कौशिक अपने बेटे को चुनावी राजनीति में उतारने की कोशिश में है। भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद धर्मबीर सिंह भी विधानसभा चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा कई बार सार्वजनि कर चुके हैं। रोहतक सांसद डॉ॰ अरविंद शर्मा और हिसार सांसद बृजेंद्र सिंह के बिगड़े बोल को लेकर पार्टी गंभीरता से मंथन कर रही है और इनका आगे का राजनीतिक करियर पार्टी के लिहाज से कहाँ कितना स्टैंड करेगा ,यह भविष्य के गर्भ में है। सांसद बृजेंद्र सिंह के पिता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के सुर भी इन दिनों बगावत वाले हैं। हालांकि, अरविंद शर्मा अब मुख्यमंत्री को लेकर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, फिर भी उनके और पार्टी के मौके पर क्या विचार बनते हैं,बाद की बात है। सिरसा से वर्तमान में पार्टी की सुनीता दुग्गल सांसद हैं। सूत्रों की मानें तो पार्टी के अंदरुनी सर्वे में पार्टी ने सिरसा को इस बार कमजोर सीटों की कैटेगरी में डाला हुआ है। माना जा रहा है कि प्रदेश में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी प्रभारी ने केंद्रीय मंत्री को फीडबैक दिया।

### मुख्यमंत्री का जन संवाद कार्यक्रम

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अब भी जिलावार अपने जनसंवाद कार्यक्रम जारी रखे हुए हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का फीडबैक लोगों के बीच जाकर ले रहे मुख्यमंत्री जनसंवाद के जरिये लोगों की समस्याओं को भी दूर कर रहे हैं। लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। धड़ाधड़ नयी योजनाओं को लागू करने के अलावा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, युवाओं, पिछड़े वर्ग के परिवारों का रुझान भाजपा के प्रति बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। लोकसभा चुनाव में ही पता चलेगा कि भाजपा के पक्ष में इस बार ऊंट किस करवट बैठेगा।

# यौन शोषण मामले में मंत्री संदीप सिंह को कोर्ट से नहीं मिली जमानत

**निशा शर्मा ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा की जूनियर कोच के यौन शोषण मामले में फंसे हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने आज याचिका खारिज कर दी है ।

इस हाईप्रोफाइल मामले की जांच कर रही चंडीगढ़ पुलिस की एस. आई. टी.एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज की कोर्ट में जमानत को लेकर अपना जवाब दाखिल किया था । एडीजे राजीव के बेरी की कोर्ट ने संदीप सिंह की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 13 सितंबर को एस. आई. टी.को नोटिस जारी किया था।

नोटिस जारी होने के बाद पुलिस की ओर से जवाब दायर करने के बाद कोर्ट ने आरोपी



मंत्री संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका को स्वीकार करने के बाद जमानत नहीं दी ।

### चालान पेश कर चुकी एस. आई. टी.

इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम द्वारा चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चालान पेश किया जा चुका है। चंडीगढ़ पुलिस ने संदीप सिंह को धारा 342 354 354ए, 354 बी 506 और 509 के तहत केस में आरोपी बनाकर 8 महीने के बाद 25 अगस्त को दर्ज केस में चार्जशीट दाखिल की थी। इस मौके पर जूनियर कोच की ओर से पेश वकील ने कहा कि पुलिस की ओर से लम्बे समय तक उन्हें वो दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए,जो याचिका के लिए मंत्री ने सबूत के तौर पर पेश किए हैं। बाद में उन्हें वो दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। अब इस मामले में 16 सितंबर को सुनवाई होनी है। इस मामले में कोर्ट की ओर से मंत्री संदीप सिंह को नोटिस भी भेजा जा चुका है।

### क्या है पूरा मामला

26 दिसंबर 2022 को जूनियर महिला कोच ने हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ यौन-उत्पीड़न सहित अन्य आरोप के तहत चंडीगढ़ पुलिस में शिकायत दी। जांच के बाद 31 दिसंबर की रात 11 बजे सेक्टर-26 थाने में संदीप सिंह के खिलाफ धारा 342, 354, 354ए, 354बी, 506 के तहत पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद उप पुलिस अधीक्षक ( ईस्ट )पलक गोयल के सुपरविजन में मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की गई।

इसमें साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रंजीत सिंह, महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उषा और महिला सब इंस्पेक्टर किरंता को शामिल किया गया था। एस आई टी की जांच के बाद संदीप सिंह के खिलाफ पुलिस ने धारा 509 भी जोड़ी दी थी।

# जुर्म करने वाले किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे-- महेंद्र सिंह

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बरवाला क्षेत्र में नशा, चोरी, सट्टेबाजी व अन्य आपराधिक घटनाओं पर जनता के सहयोग से अंकुश लगाया जाएगो जुर्म करने वाले किसी भी सूरत में बक्शे नहीं जाएंगे रात्रि को पुलिस की गश्त में और अधिक तेजी लाई जाएगी बरवाला क्षेत्र की जनता को पुलिस से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं आने दिया जाएगो थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बरवाला क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वो बरवाला थाना में सच्ची शिकायत दे शिकायतकर्ता की झूठी शिकायत पाए जाने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ पुलिस द्वारा तुरंत प्रभाव से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी



# हरियाणा के इन जिलों में बारिश का येलो अलर्ट, गर्मी से मिलेगी राहत ?




चंडीगढ़. हरियाणा में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश की गतिविधियों में कमी देखने को मिली है. लेकिन मौसम विभाग की मानें तो आने कुछ दिनों में बारिश का दौर फिर से शुरू होगा. वहीं, बुधवार (13 सितंबर) को प्रदेश के अधिकतम जिलों में मौसम शुष्क रहा. इसके चलते लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा. लेकिन विभाग के अनुसार जल्द ही लोगों को इस बारिश से राहत मिलेगी.

मौसम विभाग ने पूवार्नुमान जारी करते हुए बताया है कि आज उत्तर हरियाणा के कुछ जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है. वहीं, दक्षिण व दक्षिण पूर्व हरियाणा में भी कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है. लेकिन पश्चिम व दक्षिण पश्चिम हरियाणा में मौसम शुष्क रहेगा. जिससे लोगों को फिर से गर्मी और उमस का सामना करना पड़ेगा.

### येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग की मानें तो 15 सितंबर और 16 सितंबर को प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है. जिसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. हालांकि 15 सितंबर को पश्चिम व दक्षिण पश्चिम हरियाणा में मौसम साफ रहेगा. लेकिन उत्तर हरियाणा और दक्षिण व दक्षिण पूर्व हरियाणा में बारिश होगी. वहीं, 16 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलो में बारिश होने की संभावना है.

वहीं, अगर बीते दिन के तापमान की बात करें तो प्रदेश में अधिकतम तापमान सिरसा में रहा. जहां दिन का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं, न्यूनतम तापमान झज्जर का रहा. जहां न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा.

# महज 7 साल की उम्र में बना सर्जन, 12 में पास किया B.Sc, अब IIT में कर रहा रिसर्च, जानें कौन है ये जीनियस

7 साल की उम्र में जहां अधिकांश बच्चे प्राथमिक स्कूल में बेसिक पढ़ाई कर रहे होते हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश का एक बच्चा चिकित्सा के क्षेत्र में नाम रोशन कर रहा था. हिमाचल प्रदेश के नूरपुर का रहने वाला 7 साल का अकृत प्राण जायसवाल नाम के इस लड़का ने आग से जले 8 वर्षीय पीड़ित के हाथों की सर्जरी कर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा. उस समय उसे 'दुनिया का सबसे कम उम्र सर्जन' करार कर दिया गया था.

### 13 साल की उम्र में IQ 146

यह लड़का एक बार फिर तब सुर्खियों में आया, जब वह महज 12 साल की उम्र में देश का सबसे कम उम्र का विश्वविद्यालय छात्र बन गया. मात्र 13 साल की उम्र में उसका आईक्यू 146 था, जो उसके हमउम्र लड़कों के मुकाबले बेहद ज्यादा था. जायसवाल ने इतने कम उम्र में अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल कर ली थी. यह वजह थी अमेरिका की मशहूर होस्ट ओपरा विन्फ्रे द्वारा आयोजित दुनिया के सबसे फेमस टॉक शो में भी उसे आमंत्रित किया गया था.

# सीसीएल के आम्रपाली कोल प्रबंधन ने लगवाये 43 सोलर लाइट, 50.74 लाख रुपए किये खर्च

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)13 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा सीसीएल के आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना प्रबंधन ने विस्थापित -प्रभावित व गांवों में सीएसआर मद से लाखों रुपए खर्च कर सोलर लाइट लगवाये हैं। बुधवार को सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि अधिष्ठापित कराये कुल 43 हाइ मास्ट सोलर लाइटों में प्रति यूनिट लागत 1.18 लाख रुपए है। वहीं कुल लागत की बात करें तो प्रबंधन ने 50.74 लाख रुपए की गई है। जिसकी विशेषताओं की बात करें तो पोल की लंबाई 9 मीटर,40 वॉट का 4 एलईडी लाइट, लिथियम बैट्री जिसका 16 घंटों का बैक- अप तथा दो साल की मरम्मत की वारंटी है। सार्वजनिक व उपयोगी जगहों को रौशन करने में खर्च किये हैं।कहा कि पूर्व चयनित स्थलों कुमरांग कला व खुर्द, राहम, उड़सू, बिंगलात, सेरनदाग, कसियाडीह, पोकला, घाघरा, होन्हें, कोयद, हांडू, सिसइ, शिवपुर, मिश्रौल, धनगडा, सिमरिया, चुंदरु धाम, अंबेडकर चौक, पचड़ा, सिजुआ, जोरदाग, चट्टी पेटो, बुकरु, सोपारम में लगाये गये हैं।

# प्रवासी मजदूर बबलू मांझी का शव गांव पहुंचते हीं पुरा गांव डुबा शोक में

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 13 सितंबर 2023 :- बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बनवारी टोला बड़की टांड़ पंचायत शीला डीह थाना गोरहर निवासी बबलू मांझी पिता विषुन मांझी का शव दो दिन पूर्व प्रयागराज स्टेशन उत्तर प्रदेश में मिला था । गांव वाले सभी सुनकर अस्तब्ध हो गए थे , आज ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को गांव तक लाया जा सका शव को गांव आते ही सभी लोग मर्माहत हो गए , बताया जाता है कि बबलू इसी महीने के एक तारीख को मजदूरी करने मुंबई गया था ,दो दिन पहले उसके मौत का खबर घर वाले लोगों को मिली , वह भी प्रयागराज स्टेशन में शव पड़ा मिला, मौत के रहस्य से भी सभी अनजान हैं । गांव वाले जो सुने तो सभी स्तब्ध रह गए , बबलू घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था , और उसके ऊपर पूरे परिवार का भरण पोषण करने की जवाब देही थी , आज शव पहुंचते ही बरकट्ठा विधायक समेत पंचायत के प्रतिनिधि घर जाकर परिवार को सांत्वना दिए और साथ ही कहा कि बबलू के परिवार को हर संभव हम लोग मदद करेंगे उनके दाह संस्कार में भी प्रतिनिधि एवं गांव वाले लोग शामिल रहे ।



# दो दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का समापन बरह मोरिया बना विजेता टीम।

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 13 सितंबर 2023 :- विष्णुगढ़, प्रखंड के कुसुम्बा पंचायत में किसान क्लब अलखरी कला द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ समापन । मैंच का उद्घाटन विधिवत मुख्य अतिथि पंचायत के युवा मुखिया दुलारचंद पटेल, उपमुखिया बाबूचंद हेंब्रम ने संयुक्त रूप से किट मार कर उद्घाटन किया ।टूनार्मेंट में कल 16 टीमों ने भाग लिया था जिसमें से सुपर क्लब बरहमोरिया और जनूमटांड़ के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमे 2 -1 से बरहमोरिया के टीम ने विजय हासिल किया । विजेता टीम को बड़ा कप एवं उप विजेता टीम को छोटा कप दे कर सम्मानित किया गया।मुखिया श्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जब से इस तरह के प्रतियोगिताएं आयोजित हो रहा है , तब युवाओं में काफी जागरूकता एवं शहरी इलाकों के युवा वर्ग को खेल रुचि बढ़ने लगा है, जिस कारण लोगो को आगे बढ़ने के लिए काफी मदद मिल रहा है। मौके पर भेलवारा मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, भेलवारा पंचायत के रोजगार सेवक सांझलू हांसदा, निर्णायक महोदय मेहिलाल मरांडी, शिवलाल टुड्डू, साहेब राम, सुरेश मुर्मू, प्रदीप टुड्डू, के अलावे दर्जनों युवा खेल प्रेमी मौजूद थे।



# समिति सदस्य ने नई पंचायत सचिव नियुक्ति की मांग की

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

बलियापुरझ परसबनिया पंचायत समिति सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन देकर नए पंचायत सचिव नियुक्त करने की मांग किया ।पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो ने कहा कि किसी भी पंचायती राज व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पंचायत सचिव की नियुक्ति होती है जिसमे पूरे पंचायत का विकास कार्य को देखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाना है साथ ही पंचायत के जन्म मृत्यु निबंधन कार्य को करना होता है लेकिन वर्तमान में पंचायत सचिव के उदाशीनता और शिथिलता के कारण पंचायत विकास से काफी दूर है और पंचायत सचिव के द्वारा पंचायत सचिवालय को न ही खोलते है और न ही पंचायत से कोई लेना देना रहता है जिससे पंचायत में ग्रामीणों को काफी समस्या झेलना पड़ता है जिससे काफी उदास और अक्रोशित है इसलिए पंचायत के विकास कार्य को देखते हुए जल्द से जल्द नए पंचायत सचिव की नियुक्ति परसबनिया पंचायत में हो नही तो ग्रामीण इसके खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# हथियार का भय दिखाकर छिनतई करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे सलाखों के पीछे

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 13 सितंबर 2023:— सरायकेला जिले के आरआईटी पुलिस ने हथियार का भय दिखाकर मारपीट करते हुए मोबाइल एवम पैसा लूटने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गिरफ्तार अभियुक्तों में प्राथमिकी अभियुक्त अविनाश मुखी उर्फ निखिल मुखी, दूसरा अभियुक्त नितेश गोप उर्फ कटिंग, तीसरा अप्राथमिकी अभियुक्त बासुदेव लागुरी उर्फ मोटू, चौथा अभियुक्त सोनू कुमार गौर शामिल है. सरायकेला जिला के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत इच्छापुर रेलवे लाइन के समीप सुनसान जगह देख अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एनआईटी के क्षात्र से मोबाइल व नगद रुपये लूट लिया था. इस संबंध में आरआईटी थाना क्षेत्र में एनआइटी के क्षात्र विकास कुमार महतो ने आरआईटी थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था. वही प्राथमिकी दर्ज होते ही थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने संज्ञान में लेते हुए, जिले के एसपी बिमल कुमार के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने छापेमारी कर चारो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया.

**लूट का सामान बरामद**

अपराधियों द्वारा लूटा गया सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है. जिसमें हरा रंग के कभर में रेडमी नाइन प्राइम मोबाइल, सफेद रंग कभर में रेडमी नोट नाइन प्रो मैक्स, फोल्डेड धारदार चाकु जिसकी कुल लम्बाई 33 (CM), छोटा धारदार चाकु जिसकी कुल लम्बाई 15 (CM) शामिल है. छापेमारी दल में पु०अ०नि० सागर लाल महथा थाना प्रभारी, पु०अ०नि० सुजीत कुमार, टाईगर आ0/204 उमाशंकर सिंह, टाईगर आ०/694 मुन्ना कुमार शामिल थे.



# रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन को सफल बनाने को लेकर कुड़मि समाज की बैठक आयोजित

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 13 सितंबर 2023 : आदिबासी कुड़मी समाज के तत्वावधान में नीमडीह प्रखण्ड के गुण्डा गांव के काशीडीह टोला स्थित हरिमंदिर प्रांगण में 20 सितंबर से नीमडीह स्टेशन में द्वितीय बार रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन को सफल बनाने को लेकर समाजसेवी विष्णु महतो की अध्यक्षता में पंचायत स्तर का एक तैयारी बैठक किया गया। इसमें डहिटांढ़, रामनगर, सीमा, गुंडा, कांसीडीह आदि जगहों से सैंकड़ों लोग शामिल हुए। इस प्रस्तुति बैठक का मुख्य अतिथि आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय सह सचिव जयराम ने कहा कि कुड़मी को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने की मांग कोई जाति केंद्रित या फायदे की राजनीति नहीं बल्कि हमारी खोयी हुई पहचान और सह अस्तित्व की लड़ाई है। 73 वर्षों से जो मानवीय अधिकार की नुकसान आदिवासी कुड़मी समुदाय के करोड़ों लोगों के साथ किया गया। इसकी भरपाई भारत सरकार हमारे अस्तित्व को वापस कर ही कर सकती है। कुड़मी जनजाति के संपूर्ण विकास पर एक षड़यंत्र के तहत भारत सरकार ने रोक लगा कर रखा है। अब कुड़मियों के लिए आंदोलन ही अंतिम रास्ता है। जिसके विरोध में इस बार का समाज आंदोलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चलता रहेगा। नीमडीह स्टेशन में सभी कुड़मी आंदोलनकारियों की उपस्थिति 19 सितंबर की रात्रि को ही होगी। जागरण के साथ छौउ नृत्य दल का भी कार्यक्रम रखा है । कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे- चंडीचरण महतो छौउ नाच दल (कुशपुतल) एवं उस्ताद संतोष महतो, आदिवासी पिछड़ी जाति विकास छौउ दल गुण्डा। एवं दिन को करम नृत्य दलों की प्रस्तुति हमेशा चलता रहेगा । अब तक तीन महिला दलों की उपस्थिति रहने की सुनिश्चित हुई हैं। इस मुहिम के अंतर्गत झाड़खंड में चार जगह नीमडीह, गोमो, मुरी एवं घाघरा, उड़ीसा में तीन एवं पश्चिम बंगाल में कुशटांढ़ और खेमाशूली दो जगहों पर एक साथ 20 सितंबर 2023 से पुनः अनिश्चितकालीन रेल टेका एवं डहर छेंका आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो, अशोक पुनअरिआर, गुणधाम मुतरुआर, लवकिशोर महतो, शक्तिपद महतो, संतोष महतो, विश्वदेव महतो, वासुदेव महतो, सिदाम महतो, कुश महतो, कृष्णपद, जगदीश, सकलदेव, विवेक, सुखदेव, घनश्याम, रोहित, बैजलाल आदि उपस्थित थे।

# मधुबन के जंगल में दूसरी बार जमीन में गड्ढे मिले वॉटर टैंक जांच में जुटी गिरिडीह पुलिस

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड )13 सितंबर 2023:- गिरिडीह पुलिस ने अर्धसैनिक बलों का ज्वाइंट ऑपरेशन लगातार चलाकर नक्सलियों के खिलाफ बुधवार को एक बार फिर पारसनाथ पहाड़ से सटे मधुबन थाना के सिंहपुर और जयनगर गांव के जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान जमीन में गाड़े गये एक पानी की टंकी मिला , पुलिस सूत्रों की माने तो वॉटर टैंक काफी बड़ा है और यह जंगल में जमीन के नीचे अंदर गड़ा हुआ था ।फिलहाल इस पानी टंकी में विस्फोटक पदार्थ और हथियार भरे हुए थे या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है । वैसे एसपी के निर्देश पर जॉइंट ऑपरेशन में शामिल सीआरपीएफ और पुलिस अधिकारियों की टीम बम निरोधक दस्ता का सहयोग ले रही है , बम निरोधक दस्ता की टीम अब पता लगाएगी की पानी के इस बड़े टैंकर में क्या है । लेकिन पुलिस सूत्रों की माने तो जमीन के अंदर से बरामद इस टैंकर में पानी के होने की कोई बात सामने नहीं आई है , इससे पहले उपचुनाव के दौरान भी सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों के द्वारा चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन में जमीन के नीचे वॉटर टैंक गड़ा हुआ मिला था , जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए थे।



# प्रतिदिन रक्तदान कर कई जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने का श्रेय "समर्पण एक नेक पहल" संस्था के सदस्यों को जाता हैं - दिपेश चौहान

**दैनिक समाज जागरण**

"समर्पण एक नेक पहल" संस्था के पहल पर 78 वर्षीय बुजुर्ग को ओ पॉजिटिव उपलब्ध कराई गई, दिनाँक 12/09/2023 दिन सोमवार को संस्था को संस्था के टीम निरसा के उपाध्यक्ष अरूप मुखर्जी ने सूचित किया कि पी.एम.सी.एच अस्पताल धनबाद में एक 78 वर्षीय वृद्ध मरीज लाल मोहन राय जी को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं, मरीज के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई हैं कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान बिना समय गंवाए पी.एम.सी.एच ब्लड बैंक धनबाद प्रबंधक से बात कर मरीज लाल मोहन राय जी के लिए ओ पॉजिटिव प्रदान करने का आग्रह किया और इसके बदले में संस्था के रक्तवीर नियमित रक्तदाता सोमनाथ महतो जी ने अपना बी पॉजिटिव रक्त ज़िले के सरकारी ब्लड बैंक पी.एम.सी.एच में दान किया सोमनाथ जी ने रक्तदान कर अब तक कई लोगों की निःस्वार्थ सेवा की हैं, मरीज को और अधिक रक्त आवश्यकता पड़ने पर संस्था के द्वारा पूर्ति करने की बात कही गई हैं, संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने कहा कि हमारी संस्था आज यदि प्रत्येक दिन कई जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में योगदान दे रही हैं तो वह सिर्फ.संस्था के तमाम सदस्यों के निःस्वार्थ सेवा भाव के कारण



# स्वतंत्रता सेनानी गोपाल चंद्र मुंशी की जयंती समारोह।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू (बाघमारा )**

राजगंज : राजगंज पंचायत के इंटर कॉलेज में शिक्षा को बढ़ावा देने वाले स्वतंत्रता सेनानी गोपाल चंद्र मुंशी की जयंती बुधवार को राजगंज इंटर कॉलेज के प्रगण में कार्यक्रम को छात्र छात्राओं ने बहुत ही हर्ष उलाहसो के साथ नृत्य हमारा सुन्दर झारखंड के गानों के साथ प्रदर्शन किया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सिजुआ कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार महतो तथा बाड्र्स गार्डन स्कूल के प्राचार्य श्री प्रमोद कुमार चोरिसिया , उपस्थित हुए, उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व को बहुत ही बारीकी से बताया और शिक्षा हमारे जीवन के लिए क्यो जरूरी है इस विषय पर भी कई तरह की चर्चा की, तथा साथ ही इस मंच में उपस्थित गोपाल चंद्र मुंशी जी के साथी शंकर महतो ने , स्वतंत्रता सेनानी का जीवन को मंच में रखा, गोपाल चंद्र मुंशी देश आजाद होने के बाद से उन्होंने राजगंज मे आदर्श मध्य विद्यालय, आर बी बी हाई स्कूल व राजगंज इंटर कॉलेज का निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, स्व गोपाल चंद्र मुंशी का जन्म 13सितंबर 1915 में एक कृषक परिवार में जन्म हुआ था उनमें राष्ट्र भक्ति का जज्बा कूट कूट कर भरा हुआ था, उनके साथी शंकर महतो ने यह भी कहा की गोपाल चंद्र मुंशी 21वर्ष की आयु में ही देश की आजादी में ही कूद गए थे साथ ही भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान राजगंज में एक विशाल जुलूस निकाला था, उन्होंने अपना जीवन शिक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इस कार्यक्रम में भिन्न भिन्न बच्चो ने भाग लिया, तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित, जिला परिषद् वाणी देवी, हलधार महतो जी, राजगंज पंचायत समिति उर्मिला साव, इंजिनियर सुशील कुमार जी, आर बी बी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक, आनद कुमार, आस्मिता जी, पूर्व मुखिया रविचंद्र दे, वीरेंद्र मुंशी जी, तथा कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं सम्मानित बुद्धि जीवी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए , तथा उन्होंने बच्चो के उज्वल भविष्य को लेकर चर्चा की, तथा बच्चो ने भी इस जयंती समारोह पर भरपूर मात्रा में शामिल हुई, और कार्यक्रम प्रस्तुत किए इनके साथ ही स्कूल में टॉपर छात्र छात्राओं को स्कूल के प्रधानाध्यापक, गण्यमान, बुद्धि जीविओ द्वारा समन्नित किया गया, तथा इस कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार महतो ने किया



# कुचाई के बीआरसी में हुई शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी,बच्चों का खाता खोलना व आधार सीडिंग करना अनिवार्य-बीपीओ

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

कुचाई के प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को बीपीओ नाथो महतो के अध्यक्षता पर प्रखंड के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बीपीओ नाथो महतो लेखापाल कृष्णा महतो व बीआरपी सीआरपी उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ नाथो महतो ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों का पोस्ट ऑफिस में 100% खाता खोलवाना सुनिश्चित करें। सभी शिक्षकों को बायोमेट्रिक हाजरी साथी बच्चों का क्लास वाइज हाजरी बनाना। बच्चों का बैंक खाता व आधार अपडेट। शौचालय एच पी को ंल्ली३ङ्कल्ल' बना कर रखना एस एन ए द्वारा राशि का व्यय पंजी जमा करना। एचडीडी का संचालन एवं स्वस्थ समय प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित जन्म प्रमाण पत्र हेतु जमा किए गए आवेदनों की संख्या। साथ ही विधालय के आसपास की साफ सफाई करना। आदि जैसे विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो फिजियोथै रेपी आदित्य कुमार, लेखापाल कृष्णा मोहन महतो, सीआरपी शीतल साहू,राजेश प्रधान पंचु माडीं, दीनबंधु सिंह रुपेश मिश्रा,समेत शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति थे।



# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हुआ मिट्टी संग्रह

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सरायकेला खरसावां जिला के कुकडू मंडल अंतर्गत बेरासी-सिरुम शक्ति केंद्र के बूथों में अमृत वाटिका निर्माण कार्य के लिए बुथो के हर घर से मिट्टी का संग्रह किया गया,एवं सिरुम गांव के एक गैर सरकारी स्कूल में अमृत वाटिका के तहत वृक्षारोपण किया गया। सिरुम सामुदायिक भवन में पंचप्राण कार्यक्रम को भी सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित "मेरी माटी मेरा देश "कार्यक्रम के मंडल प्रभारी मदन सिंह सरदार , मंडल अध्यक्ष भरत चंद्र महतो , जिला आईटी सेल सह प्रभारी सुमन मुखर्जी , मंडल एसटी मोर्चा का अध्यक्ष अजय सिंह सरदार , सांसद प्रतिनिधि सच्चिदानंद महतो , नीमड़ीह सांसद प्रतिनिधि मकर चंद्र महतो ,वरिष्ठ नेता नंद दुलाल महतो , बुथ अध्यक्ष गणेश सिंह ,गंगाधर कुमार , कुकडू मंडल के आईटी सेल प्रभारी पलाश दत्त , सोशल मीडिया प्रभारी परमेश्वर सिंह सरदार , सुदीप कुमार , चांदमय दत्त ,लक्ष्मी कुमार , सनातन कुमार ,विकल कुमार , प्रवीण महतो , कार्तिक कुमार , कृष्ण प्रामाणिक ,संजीत दत्ता , अनंत कुमार धान , परिक्षित प्रमाणिक सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# प्रबंधन समिति के सदस्यों ने जनता उच्च विद्यालय के समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)13 सितम्बर 2023:- जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड में जनता उच्च विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनय कुमार एवं सदस्य ,अभिभावक जनता उच्च विद्यालय के संबंधित 11 सूत्री मांग को पूरा करने के लिए सभी एकत्रित होकर पैदल मार्च करते हुए। प्रखंड मुख्यालय पहुंचे तो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुख्यालय में नहीं थे इसी बीच प्रबंधन समिति के सदस्य अभिभावक प्रखंड मुख्यालय के बाहर में एकत्रित होकर बैठ गए दो घंटे के बाद मैसेज मिला कि बीडिओ मुख्यालय नहीं आएगी। उसके बाद पांच सदस्य टीम गठन किया गया। प्रखंड के नाजिर अभिजीत कुमार को 11 सूत्री मांगों को लेकर मांग पत्र सोपा गया। मौके पर उपाध्यक्ष पूनम कुमारी, अभिभावक सरोज देवी, मीना देवी,मंजू देवी, पारो देवी, बेबी देवी, बबीता देवी, रीना देवी, प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अभिभावक मौके पर उपस्थित थे।



# कोडरमा में माले के महापंचायत को लेकर रानी डीह में बैठक

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)13 सितंबर 2023 :- उनिस सितंबर को कोडरमा में होने वाली किसान महापंचायत की तैयारी को लेकर भाकपा माले ने की बैठक सदर प्रखंड के रानीडीह में संपन्न हुई। निर्णय लिया गया कि, किसान मजदूर विरोधी मोदी सरकार के खिलाफ आहूत किसान महापंचायत में बढ़-चढ़कर भाग लिया जाएगा। बैठक में भाकपा माले के वरिष्ठ नेता राजेश यादव ने कहा कि भाजपा के सरकार में पुंजीपतियों का संरक्षण हो रहा है गरीब, किसान, मजदूर लाचार हैं। नवजवान रोजगार के तलाश में भटकने को विवश हैं ।



# मध्य विद्यालय हेसला में झारखंड सरकार द्वारा खेलो खेल के तहत पारितोषिक वितरण समारोह

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 13 सितंबर 2023 :- बगोदर प्रखंड के हेसला पंचायत के मध्य विद्यालय हेसला में सरकार द्वारा खेलो झारखंड खेलो खेल के तहत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में हेसला पंचायत के मध्य विद्यालय के आठ बच्चे और बच्चियों ने प्रखंड स्तर एवं जिला स्तर पर टॉप खेल प्रतियोगिता में टॉप किया था जिसको विद्यालय परिवार के द्वारा छात्रों के लिए सम्मान समारोह रखा गया। सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों के द्वारा एवं विद्यालय परिवार के द्वारा टॉप किए गए छात्रों को डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया।



# राजगंज मोड़ में यमराज देव का खतरा

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू ( बाघमारा)**

राजगंजः राजगंज मोड़ में यमराज का खतरा मंडरा रहा है, यहां सब्जी व्यापारी, ओटो ड्राइवर, मोटर साइकिल आदि वाहनों रोड के किनारे नही बल्कि रोड आधा भाग में खड़ा कर देते है तथा सब्जी व्यापारी भी आधी रोड में सब्जी बेचने देखने को मिलता है, जिससे आए दिन दुरुघटनाए होने की संभावनाएं लगी रहती हैं, तथा कई बार तो घटनाएं भी अंजाम दे चुकी है, यहां के प्रशासन भी कई बार उनलोगो सब्जी विक्रेता, ओटो ड्राइवर,को हटाया गया और सब्जी बेचने तथा ओटो खड़ी करने के भी जगह बताया गया था परन्तु सब्जी विक्रेता कुछ दिनों के लिए चले जाते है फिर वापस वही लोट आते और अपना जान को जोखिम में डाल कर सब्जी बेचने का काम करता है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों की समस्या उत्पन्न हो जाते है, यह समस्या हर रोज शाम को 4 से 7बजे तक देखने को मिलता है,



# एसडीपीओ के नेतृत्व में भारी मात्रा में डोडा जप्त,एक गया जेल

**दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़- सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के चीपड़ी तिरूलडीह से मंगलवार की देर शाम को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी मात्रा में डोडा बरामद कर जप्त किया गया। वहीं डोडा तस्कर मंगल चन्द्र गोराई को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।पुलिस आगे की कारवाई में जुटी है। मंगल चन्द्र गोराई के घर स्थित गल्ला दुकान से 5 क्विंटल 40 किलो डोडा बरामद कर जप्त किया गया। पुलिस डोडा तस्कर का बोलेरो वैन को भी जप्त कर लिया । बताया जा रहा है कि एक वैन डोडा जिसका वजन 5 क्विंटल 40 किलो है।मिली जानकारी के अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि चीपड़ी तिरूलडीह के मंगल चन्द्र गोराई डोडा का धंधा करता है एवं उसके घर में काफी मात्रा में डोडा रखा हुआ है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी गौरव मिश्रा के साथ छापामारी करने से उसके घर से काफी मात्रा में डोडा बरामद किया गया । बताया जा रहा है कि मंगल चन्द्र गोराई काफी दिनों से डोडा का अबैध धंधा चलाते हैं। उसका घर पर ही गल्ला,रड , सीमेंट का दुकान है। मिली जानकारी के अनुसार तमाड़ आदि क्षेत्रों से पोस्ता, डोडा आदि तस्करी ईचागढ़ के रास्ते किया जाता है। एक सप्ताह पूर्व भी ईचागढ़ के मिलन चौक में पंजाब नंबर का ट्रक से 6 बोरा डस्ट डोडा बरामद किया गया था।